दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




नई दिल्ली।।गुरुवार 13 जून -2024 | वर्ष:8 अंक:244 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य: ₹3

# स्मार्ट पाठकों का स्मार्ट अखबार




## ई-पेपर की विशेषताएं

- फोन की स्टोरेज पर नहीं पड़ेगा कोई असर
- अखबार की पीडीएफ बनाने की सुविधा (PDF)
- कलेंडर से प्राप्त करें पुरानी तारीख का अखबार
- खबर को सेव और क्रॉप करने का ऑप्शन
- खबर को सोशल मीडिया पर शेयर करने की सुविधा

रोजाना सुबह सोशल मीडिया के प्रमुख प्लेटफॉर्म पर अखबार का लिंक हो रहा है फॉरवर्ड

**जब एक क्लिक पर खुले आपका करंट क्राइम अखबार तो फिर एमबी का बोझ क्यों करे आपका स्मार्ट फोन स्वीकार**

https:// epaper.currentcrime.com/view/106/current-crime

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। गुरुवार 13 जून -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 244 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










## कुवैत हादसे पर पीएम ने बुलाई इमरजेंसी मीटिंग, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन कुवैत रवाना



**नई दिल्ली।** विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह भीषण आग में झुलसे भारतीयों की सहायता की निगरानी करने और मारे गए लोगों के शवों को शीघ्र स्वदेश लाने के लिए तत्काल कुवैत के लिए रवाना हो गए हैं। सिंह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर कुवैत जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि दक्षिणी कुवैत में मजदूरों की एक इमारत में आग लगने से 40 से अधिक लोग मारे गए जिनमें अधिकतर भारतीय हैं और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। अब तक की जानकारी के अनुसार, पीएम मोदी ने कुवैत हादसे को लेकर एक इमरजेंसी मीटिंग भी बुलाई है, जहां हालात पर चर्चा की जाएगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह आग त्रासदी में झुलसे लोगों की सहायता की निगरानी करने और इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मारे गए लोगों के शवों को शीघ्र स्वदेश लाने के वास्ते स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए तत्काल कुवैत के लिए रवाना हो रहे हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ह्यएक्सह्ण पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निदेर्शानुसार, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह आग त्रासदी में झुलसे लोगों की सहायता की निगरानी करने और इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मारे गए लोगों के शवों को शीघ्र स्वदेश लाने के वास्ते स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए तत्काल कुवैत के लिए रवाना हो रहे हैं।

इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत में आग लगने की एक घटना में लोगों की मौत पर दुख जताया और कहा कि वहां स्थित भारतीय दूतावास स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है।

## आज हो जाएगी शहर विधानसभा सीट चुनाव के लिए खाली

### अतुल गर्ग आज लखनऊ में सौंप देंगे विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वैसे तो विधानसभा वाले इस इस्तीफे का इंतजार भाजपा वालों को लोकसभा का टिकट घोषित होते ही था। कारण ये था कि जहां से भाजपा ने शहर विधायक अतुल गर्ग को लोकसभा उम्मीदवार बनाया। उनके लोकसभा उम्मीदवार बनते ही विधानसभा वाले दावेदारों को ये पूरी उम्मीद थी कि यह चुनाव अतुल गर्ग जीतेंगे और शहर विधाानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। इसकी वजह भी ये बतायी जा रही है कि गाजियाबाद लोकसभा में भाजपा का अभेद दुर्ग माना जाता है। यहां डेढ दशक से भाजपा काबिज है। लिहाजा ऐसे में ये पूरी उम्मीद थी और दावेदारों की उम्मीद पूरी हुई और अतुल गर्ग शहर विधायक से लोकसभा सांसद बन गये। अतुल गर्ग के चुनाव जीतने के बाद से ही इस सीट पर नजरें टिकाये कई भाजपा दावेदारों को ये इंतजार था कि विधिवत रूप से सीट कब खाली होगी। तो ऐसे में सभी दावेदारों के लिए खबर ये है कि गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट आज खाली हो जायेगी। शहर विधायक पद से आज अतुल गर्ग इस्तीफा देंगे। लोकसभा सांसद लखनऊ पहुंच चुके हैं और आज वो शहर विधायक वाले पद से अपना इस्तीफा उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष को सौंपेगें। ये सीट आज खाली हो जायेगी।

#### करें सब दावेदारी जुलाई में हो जायेगी अधिसूचना जारी

**करंट क्राइम।** शहर सीट यानी सदर विधानसभा सीट पर अतुल गर्ग लगातार दो योजनाओं से विधायक रहे हैं। वो इस्तीफा दे रहे हैं और जो भी यहां चुनाव लड़ना चाहते हैं वो अपनी दावेदारी कर दें क्योंकि अति विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं कि इस सीट पर उपचुनाव के लिए जुलाई महीने में अधिसूचना जारी हो सकती है। सूत्रों की माने तो जुलाई में अधिसूचना जारी होने का कारण ये है कि विधानसभा सीट रिक्त होने पर 6 महीने के अंदर चुनाव कराना होता है। इसमें 6 महीने का इंतजार नहीं होता है क्योंकि 6 महीने के भीतर चुनाव हो जाता है। सत्र से पहले ही ये कोशिश होगी कि चुनाव हो जाये लिहाजा मानसून के मौसम में ही चुनाव होने की पूरी उम्मीद है। चुनावी प्रक्रिया जल्द शुरू हो जायेगी।

#### दावेदारी का आना है इस सीट पर भगवा बूम

**करंट क्राइम।** ऐसा नहीं है कि अगर उपचुनाव होगा तो केवल भाजपा ही लड़ेगी। उपचुनाव होगा तो यहां कांग्रेस सपा बसपा भी मैदान में आयेंगे। लेकिन वर्तमान का जो सीन दिखाई दे रहा है वो यह बता रहा है कि अतुल गर्ग के इस्तीफा देते ही वो सबसे बड़ा दावेदारी का बूम भगवा खेमे से आयेगा। ये सीट भाजपा का गढ़ मानी जा सकती है क्योंकि अतुल गर्ग इस पर पहली योजना में एक लाख से अधिक वोटों से जीते थे और दूसरी योजना में भी उन्हें 70 हजार से अधिक वोट मिले थे। लिहाजा यहां लाईन पार से लेकर बीच शहर के नाम आयेंगे। आज जब ये सीट विधिवत खाली होगी तो दावेदारी शुरू हो जायेगी। ऐसे कई चेहरे हैं जो विधायक से एमपी बने हैं तो उनके क्षेत्रों में भी उपचुनाव होगा। अयोध्या में सपा विधायक सांसद बने हैं वहां उपचुनाव होगा। अखिलेश यादव विधायक से सांसद बने हैं तो यहां उपचुनाव होगा और ऐसी कई और सीटें हैं जहां उपचुनाव होगा।

## एक्शन में नगरायुक्त मलिक, काटा गैरहाजिर 18 कर्मचारियों का वेतन

### गंदगी देख लगाई अधिकारियों की क्लास, दो सफाई नायक किए सस्पेंड





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब अधिकारी फिर से एक्शन मोड में आ गए हैं। अधिकारियों ने जहां जनसुनवाई शुरू कर दी है, तो वहीं वह अब फील्ड पर उतरकर औचक निरीक्षण भी कर रहे हैं।

इसी कड़ी में मंगलवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने औचक निरीक्षण किया तो गंदगी मिलने पर अधिकारियों की क्लास लगाई। अनुपस्थित दो सफाई नायक भी सस्पेंड किए गए हैं। वही कवि नगर जोन में नगर आयुक्त के निर्देश पर निगम के अपर नगर अधिकारी अरुण कुमार यादव ने कवि नगर जोन का निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण में 18 कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिनके वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं।

#### कवि नगर जोन में इन पर की गई कार्रवाई

करंट क्राइम : अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा बताया गया है कि नगर आयुक्त के निर्देश में जोनल ऑफिस और वार्डों में साफ सफाई, पार्कों में लगे मालियों और अन्य स्टाफ की उपस्थिति को लेकर पड़ताल की गई। कवि नगर जोन में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पांच राजस्व निरीक्षक, प्रथम श्रेणी लिपिक, एक द्वितीय श्रेणी लिपिक, दो-दो कार्यवाहक लिपिक, दो कर निरीक्षक, एक अनुचर, दो कंप्यूटर ऑपरेटर, तीन सीएलसी कर्मचारी, कुल 18 कर्मी अनुपस्थित मिले। जिस पर उपस्थित आशुतोष गुप्ता कर अधीक्षक से उनकी उपस्थिति के बारे में जानकारी ली गई। वह संतोषजनक जवाब न मिलने पर अनुपस्थित कर्मियों का वेतन काटने के लिए निर्देशित किया गया। रजिस्टर की भी जांच की गई जिसमें रोमा वर्मा राजस्व निरीक्षक, श्याम सुंदर राजस्व निरीक्षक बिना किसी सूचना के तीन दिन से अनुपस्थित मिले हैं, जो की कार्य में लापरवाही को दशार्ता है। दोनों राजस्व निरीक्षक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए भी निर्देश जारी किए गए हैं।

## क्या लैटर वार में होल्ड हो गया लोकल ट्रांसफर वाला मैटर

### पुलिस महकमे में है जमकर चर्चा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस महकमे में तबादलों को लेकर हमेशा सरगर्मी रहती है। चुनावी आचार संहिता खत्म हुई तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में भी लोकल तबादला एक्सप्रेस चलने की प्रबल संभावना बनी हुई थी लेकिन बीते कुछ दिनों से पुलिस के शीर्ष अधिकारी और भगवा विधायक के बीच चल रही लैटर वार ने लोकल तबादला एक्सप्रेस का मैटर होल्ड करवा दिया है। पुलिस कमिश्नरेट में चर्चा है कि जिस तरीके से आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। उसको देखते हुए तबादला एक्सप्रेस होल्ड पर बताई जा रही है। तबादला एक्सप्रेस होल्ड होने की वजह से जहां कई थाना प्रभारी स्तर के अधिकारियों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। तो वहीं एसीपी स्तर के अधिकारियों में भी अपनी पोस्टिंग को लेकर बेचैनी से गुजर रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके का माहौल इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एकाएक बना है उसे देखकर अभी कुछ दिन और लिस्ट का टविस्ट् बना रह सकता है।

#### एसीपी स्तर के अधिकारियों की आनी थी लिस्ट

**करंट क्राइम :** माना जा रहा था कि चुनावी आचार संहिता खत्म होते ही पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एसीपी स्तर के अधिकारियों के प्लेस और फेस बदले जाएंगे। चर्चा थी कि सिटी, ट्रांसहिडन और देहात जोन मिलाकर कुल चार से पांच ऐसे एसीपी थे, जिनको इधर से उधर करने के साथ दो एसीपी जो साइड लाइन माने जा रहे थे, उनको चार्ज भी दिया जाएगा। उधर चर्चा है कि बीते दिनों शुरू हुए लैटर वार की वजह से लोकल ट्रांसफर वाला मैटर होल्ड बताया जा रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि एसीपी स्तर के दो अधिकारियों का प्रमोशन इसी माह होने वाला है, तो एक अधिकारी की ट्रेनिंग पूरी होने के बाद उनको भी नई जिम्मेदारी दी जानी हैं। वहीं साइड लाइन पोस्टिंग से एक एसीपी को सर्किल मिलने की चर्चा सुनने में आई है।

#### क्या कुछ दिन सेफ हैं अभी थानों के प्रभारी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में भले महिला थाना और निवाड़ी थाने को लेकर चेंजिंग वाला आदेश जारी हुआ लेकिन पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि सिटी से लेकर नदियापार तक कई ऐसे थाना प्रभारी हैं जो रडार पर आने वाले हैं। देखना होगा कि लैटर वार के चक्कर में यह प्रभारी कितने दिन सेफ रहते हैं। उधर कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि त्यौहारी सीजन इन प्रभारियों के लिए आक्सीजन का काम कर सकती है। संभावना अभी भी बनी हुई है कि कभी भी यहां बड़े परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं।

## आज होगी नगर निगम वार्ड 19 की उपचुनाव अधिसूचना जारी





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विधानसभा के साथ साथ गाजियाबाद में नगर निगम का एक वार्ड भी ऐसा है जहां उपचुनाव होना है। ये उपचुनाव वार्ड संख्या 19 में होगा। वार्ड संख्या 19 की भाजपा पार्षद उर्मिला चौहान का निधन हो गया था।

उनके निधन के बाद से ये सीट खाली है। उर्मिला चौहान वार्ड 19 से दूसरी बार भाजपा पार्षद का चुनाव जींती थी।

उर्मिला चौहान बेहद विनम्र और मिलनसार पार्षदों में गिनी जाती थी वह भाजपा के अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री प्रदीप चौहान की धर्मपत्नी थीं। उनके निधन के बाद से ये वार्ड खाली है। सूत्र बताते हैं कि वार्ड 19 की चुनावी अधिसूचना गुरूवार या शुक्रवार को जारी हो सकती है। यहां अधिसूचना में देरी लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते हो रही थी। अब इस वार्ड में चुनाव होगा।

#### कुशलिया ग्राम प्रधान का भी होगा उपचुनाव

करंट क्राइम। जहां नगर निगम के वार्ड 19 में पार्षद के निधन के बाद उपचुनाव होना है। वहीं ग्राम प्रधान का भी उपचुनाव होना है। ये गावं कुशलिया है। यहां के ग्राम प्रधान का निधन हो गया था और उसके बाद से ही ये सीट रिक्त चल रही थी। सूत्र बताते हैं कि कुशिलया ग्राम प्रधान वाली उपचुनाव की भी अधिसूचना जारी हो जायेगी। यहां पर भी उपचुनाव होना है।

## राजनीति की पिच पर अनिल अग्रवाल का है ये बड़ा दांव

### एचआरआईटी को यूनिवर्सिटी का दर्जा मिलना है उनकी ताकत का मुलाहिजा






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सियासत में संदेश कई तरीकों से दिये जाते हैं। सियासत में संदेश संगठन के बड़े पद से आता है। सियासत में संदेश राज्यसभा वाले सदन से लेकर लोकसभा वाले सदन से आता है और ये कहा जा सकता है कि राजनीति में इन्हीं से कद तय होते हैं। लेकिन राजनीति में सत्ता के भी संदेश हैं और ये संदेश केवल सरकार से ही नहीं होते बल्कि कभी कारोबार से भी होते हैं। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने एक बड़ा संदेश दिया है। राजनीति की पिच पर उन्होंने एक मजबूत दावं चला है। भाजपा की राजनीति का अनिल अग्रवाल बड़ा चेहरा हैं। वो एमएलसी चुनाव तब लड़े जब भाजपा लहर वाले बैकग्राउंड से भी आउट थी। वो सियासत के खिलाड़ी हैं और राज्यसभा सांसद तब बने जब चुनौती भरी परिस्थितियों में वोटों का जुगाड़ करना था। अनिल अग्रवाल भले ही लोकसभा वाला टिकट नहीं ले पाये लेकिन लोकसभा के लिए वैश्य जमीन उन्होंने ही तैयार की। अनिल अग्रवाल शिक्षाविद् हैं और एचआरआईटी कॉलेज के डॉयरेक्टर हैं। सरकार का संदेश उन्होंने दिया है और उनके कॉलेज एचआरआईटी का यूनिवर्सिटी का दर्जा मिला है ये एक बड़ी उपलब्धि है। कॉलेज अब विश्वविद्यालय हो गया है और इसका लाभ छात्रों को मिलेगा। इसी के साथ अनिल गर्ग का रूतबा भी बड़ा हो गया है। शिक्षा के जगत में ये एक बड़ी उपलब्धि है। अब यूनिवर्सिटी होने के बाद कई लाभ भी होंगे और शिक्षा के क्षेत्र में नाम भी होगा।

#### सौम्य व्यवहार और कुशल राजनीति के खिलाड़ी हैं अनिल अग्रवाल

करंट क्राइम। अनिल अग्रवाल गाजियाबाद की राजनीति के राष्ट्रीय चेहरे हैं। सौम्य व्यवहार उनकी पहचान है और राजनीति के वो कुशल खिलाड़ी हैं। अगर लोकसभा में सीन वैश्य समीकरण का हुआ है तो ये जमीन अनिल अग्रवाल ने तैयार की है। जब दावेदार दावेदारी करने से भी हिचक रहे थे तब अनिल अग्रवाल ने सबसे पहले राज्यसभा सांसद होते हुए लोकसभा की दावेदारी की थी। ये उनकी कुशल रणनीति थी कि पहले नाम ए का आया और ये नाम गाजियाबाद के किसी ए का नहीं बल्कि दिल्ली वाले ए यानी अरूण सिंह का चला। उसके बाद नाम ए पर ही रहा फोकस गाजियाबाद पर आ गया। बिरादरी भी वैश्य आ गई लेकिन यहां बाजी अतुल गर्ग ने मारी, बिरादरी भी वैश्य आई और नाम भी ए से आया। लेकिन इस पूरी स्टोरी का जनक अनिल अग्रवाल को ही माना जाता है। बहरहाल उन्होंने टिकट वाला सीन उनके लिए विकट कर दिया जिनके लिए कहा जाता था कि उनका टिकट अजर अमर है। अनिल अग्रवाल फिलहाल सियासी रूप से साईलेंट चल रहे हैं लेकिन उन्होंने शिक्षा जगत के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है।

# राशन डीलरों के डोर स्टेप तक पहुंचाया जाए राशन : इन्द्र विक्रम सिंह

## किसी भी पात्र व्यक्ति का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए : जिलाधिकारी





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से सीधे उचित दर विक्रेताओं तक खाद्यान्न की डोर स्टेप डिलीवरी हेतु सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था लागू करने के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी डॉ.सीमा बाल्यान ने कहा कि शासनादेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अनुसार प्रदेश के चिन्हित लाभार्थियों को सब्सिडाइज्ड दरों पर पारदर्शी तरीके से खाद्यान्न उपलब्ध कराना प्रदेश सरकार का दायित्व है। उक्त अधिनियम की धारा- 24(2)(ए) में यह व्यवस्था दी गयी है कि प्रदेश सरकार सब्सिडाइज्ड दरों पर खाद्यान्न केन्द्र सरकार के नियत गोदामों से प्राप्त कर अधिकृत एजेन्सियों के माध्यम से उचित दर दुकानों तक डोर स्टेप डिलीवरी करायेगी। खाद्यान्न की डोर स्टेप डिलीवरी करने हेतु पूर्व में 02 स्तरीय परिवहन हैंडलिंग व्यवस्था को सिंगल स्टेज में परिवर्तित कर दिया गया है। यदि कोई परिवहन ठेकेदार खाद्यान्न परिवहन की उक्त व्यवस्था से सहमत नही होता व खाद्यान्न उठान की कार्यवाही बाधित होती है तो ऐसे परिवहन ठेकेदार नये टेण्डर में भाग लेने हेतु अनर्ह होंगे। वर्तमान परिवहन व हैण्डलिंग ठेकेदार द्वारा सिंगल स्टेज खाद्यान्न डिलीवरी का कार्य करने से मना करने पर क्षेत्र के नजदीक वाले ठेकेदार से कार्य कराया जा सकेगा, परन्तु ऐसा अपरिहार्य परिस्थितियों में ही खाद्य आयुक्त की अनुमति से किया जा सकेगा। जिलापूर्ति अधिकारी द्वारा परिवहन ठेकेदार को खाद्यान्न प्रेषण का रोस्टर, दुकानवार रूट चार्ट तत्काल उपलब्ध कराया जायेगा ताकि परिवहन ठेकेदार प्रत्येक ट्रिप हेतु आवश्यक भार क्षमता का वाहन लगा सकें। ऐसी दुकाने जो संकरी गली में हो उन तक खाद्यान्न आपूर्ति की सुगमता के दृष्टिगत परिवहन ठेकेदार भारतीय खाद्य निगम डिपो से खाद्यान्न की लोडिंग हेतु अधिकतम 25 प्रतिशत तक हल्के वाहनों को उपयोग में ला सकेंगे। 18 बिन्दुओं पर आये शासनादेश पढ़ने के उपरान्त जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि जिलापूर्ति अधिकारी डॉ.सीमा बाल्यान द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सम्बंधित गणमान्यों को शासनादेश पढ़कर सभी को सुना व समझा दिया गया है।

### शासनादेश का पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से पालन किया जाए : जिलाधिकारी

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि शासनादेश का पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से पालन किया जाए। कहा कि जिन राशन डीलरों के पास बड़े वाहनों द्वारा राशन पहुंचाने में समस्या होती है उनके यहां छोटे वाहनों द्वारा राशन पहुंचाया जाए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि राशन डोर स्टेप तक पहुंचनी चाहिए। अगर राशन डीलर कहता हैं कि उसे राशन की बोरियां तोल कर चाहिए तो उसे तोलकर ही राशन दिया जाए। राशन डीलर को किसी भी हालात में राशन कम नहीं मिलना चाहिए। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा आपको खाद्यान्न प्रेषण का रोस्टर, दुकानवार रूट चार्ट तत्काल उपलब्ध कराया जायेगा। यदि आप लोगों की कोई समस्या हैं तो उसे लिखित में हमें दीजिएगा, हम उसका निस्तारण कराना का प्रयास करेंगे।

### 'एफसीआई के धर्मकांटों की मासिक जांच होनी चाहिए'

जिलाधिकारी ने जिलापूर्ति अधिकारी को आदेश दिए कि शासनादेश के अनुसार ही कार्य होना चाहिए। किसी भी पात्र व्यक्ति का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। साथ ही एफसीआई के धर्मकांटों की मासिक जांच होनी चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से खाद्यान्न विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, परिवहन विभाग, राशन डीलर सहित अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सपा मुखिया अखिलेश यादव ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पार्टी के अयोध्या की मिल्कीपुर सीट से विधायक अवधेश प्रसाद ने सांसद बनने के बाद बुधवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने करहल सीट से विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया। अखिलेश यादव ने कन्नौज सीट से लोकसभा चुनाव जीता है। अब, अखिलेश यादव केंद्र की राजनीति में नजर आएंगे। इसी के साथ संसद में पति-पत्नी यानी अखिलेश-डिंपल की जोड़ी नजर आएगी। डिंपल यादव मैनपुरी से चुनाव जीती हैं। लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का अगला लक्ष्य 2027 में उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का है। पार्टी अभी से ही इसकी तैयारी शुरू कर रही है। फैजाबाद की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से सपा के दिग्गज विधायक अवधेश प्रसाद ने भी सांसद चुने जाने के बाद अपना इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने फैजाबाद सीट से भाजपा के दो बार के सांसद लल्लू सिंह को हराया है। फैजाबाद वही लोकसभा सीट है, जिसके अंतर्गत अयोध्या विधानसभा भी आती है। अवधेश प्रसाद नौ बार विधायक और छह बार राज्य सरकार में मंत्री रह चुके हैं। अयोध्या की फैजाबाद लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने 54,567 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। अवधेश प्रसाद को 5,54,289 वोट मिले तो भाजपा के उम्मीदवार लल्लू सिंह को 4,99,722 वोट मिले थे।

## न्यूज डायरी

### चंद्रबाबू नायडू ने की भाजपा की तारीफ, एक साधारण कार्यकर्ता के सांसद बनने की सुनाई कहानी



**विजयवाड़ा।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उन्हें राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके अलावा दक्षिण के सुपर स्टार और जनसेना पार्टी के संस्थापक पवन कल्याण ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, नितिन गडकरी, राम मोहन नायडू समेत कई मंत्री शामिल हुए। इसी बीच चंद्रबाबू नायडू का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह अपने सहयोगी दल भारतीय जनता पार्टी की तारीफ करते दिखे। वीडियो में चंद्रबाबू नायडू एनडीए नेताओं के साथ बैठक करते दिख रहे हैं। बैठक में टीडीपी प्रमुख को सर्वसम्मति से एनडीए विधायक दल का नेता चुना गया था। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने एक घटना को याद करते हुए बताया कि कैसे वह एक साधारण से भाजपा कार्यकर्ता को लोकसभा सांसद बनते देखकर चौंक गए थे। आंध्र प्रदेश की नरसापुरम सीट से भाजपा सांसद भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा के बारे में नायडू ने कहा, वह एक साधारण व्यक्ति और आम पार्टी कार्यकर्ता थे, आज वह केंद्रीय मंत्री बन गए हैं। मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि उनके जैसे एक साधारण व्यक्ति को संसदीय चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया गया और आज वह केंद्रीय मंत्री बन गए हैं। उन्होंने विधायकों को यह भी बताया कि श्रीनिवास वर्मा उनकी पहली बैठक में शामिल थे और उन्हें बताया गया कि कैसे पार्टी के लिए उनके अथक परिश्रम ने उन्हें संसद में जगह दिलाई। यही बात भाजपा को अलग बनाती है। यह एक ऐसी पार्टी है, जो आम कार्यकताओं सहित सभी की कड़ी मेहनत को पहचानती है। केंद्र की मोदी सरकार 3.0 में भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा को भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया है। आंध्र प्रदेश की नरसापुरम लोकसभा सीट से भाजपा ने भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा को चुनावी मैदान में उतारा था। श्रीनिवास वर्मा के सामने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की गुडुरी उमाबाला और कांग्रेस पार्टी के केबीआर नायडू थे। भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने गुडुरी उमाबाला को 2,76,802 मतों के अंतर से पराजित किया। बता दें कि राज्य में तेलुगु देशम पार्टी, जनसेना पार्टी और भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ा था। चुनावी नतीजों ने एनडीए ने शानदार प्रदर्शन किया। यहां तक कि टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री बन चुके हैं।

### विपक्ष का काम सवाल उठाना, एनडीए सरकार आपसी सौहार्द पर बनी : जमा खान



**पटना।** बिहार सरकार के मंत्री जमा खान ने केंद्र सरकार के गठन पर विपक्ष की ओर से उठाए जा रहे सवालों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम है सवाल उठाना, उसकी आलोचना मैं नहीं करूंगा। केंद्र में एनडीए की सरकार बनी है और हमारे नेता जो भी निर्णय लेते हैं, उस पर हम लोग चलते हैं और चलते रहेंगे। 'बैसाखी के सहारे सरकार चलेगी', विपक्ष के इस बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि आपसी सौहार्द पर यह सरकार बनी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस सरकार में शामिल हैं। इस सरकार को हम लोग पांच साल चलाएंगे। नीतीश कुमार ने सरकार को जो समर्थन दिया है, वह आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए विशेष पैकेज को लेकर पहले भी लगे हुए थे और सीएम नीतीश कुमार आज भी लगे हुए हैं। केंद्र में अल्पसंख्यक विभाग के मंत्री नहीं बनाए जाने पर जमा खान ने कहा कि अभी बहुत सारी चीजें बाकी है। मंत्रालय का विस्तार होगा तो निश्चित तौर पर इस पर भी ध्यान दिया जाएगा, बहुत सारा विस्तार अभी बाकी है। राहुल गांधी के यह कहने कि अगर प्रियंका गांधी नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ती तो दो लाख से अधिक मतों से जीततीं। इस पर जमा खान ने कहा कि यह समय बताता, अब बोलने से कोई फायदा नहीं है।

### यूपी की जनता ने भाजपा के सारे नारों की निकाली हवा : अजय राय



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लोकसभा चुनाव को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यूपी की जनता ने इनके सारे नारों की हवा निकाल दी है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पूरे देश में यूपी के चुनाव परिणाम की चर्चा हो रही है। इंडिया गठबंधन ने जबरदस्त परिणाम दिया है। यूपी ने मोदी जी के अबकी बार 400 पार के नारे की हवा निकाल दी है। 80 में 80 सीटें जीतने के दावे और काशी में 10 लाख वोटों से जीतने के दावों की हवा निकाल दी है। उन्होंने दावा किया कि देवरिया, महाराजगंज और अमरोहा की सीट सरकार की मदद से जीती है। इन सीटों पर कांग्रेस जीत रही थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश भर में आभार यात्राएं निकालेगी और प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों तक जाएंगे। इसकी शुरूआत मंगलवार को रायबरेली से राहुल गांधी ने शुरू कर दी है। अब यात्रा 15 दिनों तक चलेगी। राय ने कहा कि देश भर में छात्र परेशान हैं। पहले यूपी में ही पेपर लीक होते थे। प्रदेश में अब तक 19 बार पेपर लीक हो चुका है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दाल के दाम बढ़ गए हैं। आटा है नहीं, बाहर से मंगाएंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू में आतंकी हमला हुआ है और उपराज्यपाल वाराणसी और गाजीपुर में प्रचार कर रहे थे। हम इसकी निंदा करते हैं। मृतकों में यूपी के कई लोग थे। सरकार ऐसी व्यवस्था करे कि इस तरह के हमलों की पुनरावृत्ति न हो। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि भाजपा ने 370 के नाम पर वोट मांगे। जम्मू में एक भी प्रत्याशी अपने सिंबल पर नहीं लड़ाया। यूपी ने उनकी राजनीति को नकार दिया है।

# मंत्रिमंडल में विभागों को लेकर बयानबाजी पर भड़के उपेंद्र कुशवाहा, कहा- सभी मंत्रालय महत्वपूर्ण



**पटना।** केंद्रीय मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को लेकर हो रही बयानबाजी को लेकर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने नाराजगी जाहिर करते हुए बुधवार को कहा कि सभी मंत्रालय महत्वपूर्ण हैं। बस, काम करने की दृढ़ इच्छाशक्ति और पक्का इरादा के साथ कुछ कर गुजरने की दृष्टि होनी चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार के मंत्रियों के बीच विभागों के वितरण को लेकर मीडिया में अनावश्यक बहस चलाई जा रही है। आदमी को हमेशा सकारात्मक सोचना चाहिए। किसी भी क्षेत्र में प्रगति की यह प्रथम शर्त है। उन्होंने अपने अधिकारिक एक्स पर लिखा, आखिर क्या चाहिए बिहार को? अच्छी शिक्षा और अच्छा स्वास्थ्य के अलावा, किसानों के घर खुशहाली और नौजवानों के हाथों को काम। किसानों को उनकी फसल का लाभकारी मूल्य और नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराने वाला महत्वपूर्ण विभाग किस के पास है? बिहार के मंत्रियों के पास। उन्होंने आगे लिखा कि खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय चिराग पासवान के पास, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग मंत्रालय जीतन राम मांझी के पास और पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी जैसा महत्वपूर्ण मंत्रालय ललन सिंह के पास है। गिरिराज सिंह के कपड़ा मंत्रालय के माध्यम से भी बड़ी संख्या में रोजगार पैदा किया जा सकता है। राम नाथ ठाकुर के माध्यम से कृषि मंत्रालय और राजभूषण निषाद के माध्यम से जल शक्ति मंत्रालय में भी हमारी दखलअंदाजी है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि क्या ऐसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों का बिहार के पास होना एक अवसर नहीं है हमारे लिए? जहां तक शिक्षा और स्वास्थ्य का सवाल है। इन दोनों विषयों में मुख्य जवाबदेही का कार्यक्षेत्र राज्य की सरकार के पास है, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहले से डटे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों से आग्रह किया है कि चुनाव खत्म हो चुका है। केंद्र में काम करने वाली सरकार बन चुकी है। हम सब मिलकर बहस के बजाय सकारात्मक हो कर बिहार की प्रगति की चिंता में लगें। टांग खिंचाई की जगह सहयोगात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। अन्यथा समय निकलता जाएगा और हमारा बिहार पीछे ही छूटता चला जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले राजद के नेता तेजस्वी यादव ने कहा था कि बिहार के बने मंत्रियों को विभाग के नाम पर झुनझुना पकड़ा दिया गया है।

# जम्मू-कश्मीर में छिंदवाड़ा का जवान शहीद, सीएम और कमलनाथ ने जताया शोक

**छिंदवाड़ा/भोपाल।** जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में मंगलवार की रात आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के निवासी कबीर दास शहीद हो गए। सीआरपीएफ जवान की शहादत पर राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शोक व्यक्त किया है। बताया गया है कि जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के हीरानगर इलाके में मंगलवार की रात को आतंकियों से सुरक्षा बल की मुठभेड़ हो गई थी। इस मुठभेड़ में छिंदवाड़ा जिले के निवासी और सीआरपीएफ जवान कबीर दास गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बुधवार की सुबह उनका निधन हो गया। सीआरपीएफ जवान कबीर दास की शहादत पर राज्य के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शोक व्यक्त किया है और एक्स पर लिखा, कल देर रात्रि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों ने कायराना हमला किया। इस आतंकी हमले में हमारे एक सीआरपीएफ जवान के शहीद होने तथा कुछ सैनिकों के घायल होने का दुखद समाचार मिला है।

जवाबी कार्रवाई में हमारे वीर सैनिकों ने एक आतंकी को मार गिराया है। उन्होंने आगे कहा, बाबा महाकाल से प्रार्थना करता हूं कि शहीद जवान की पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा घायल सैनिकों को शीघ्र ही पूर्णतः स्वस्थ करें। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने छिंदवाड़ा के जवान के शहीद होने पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, जम्मू कश्मीर के कठुआ में कल हुए आतंकवादी हमले में छिंदवाड़ा के पुलपुलडोह निवासी सीआरपीएफ जवान कबीर दास शहीद हो गए। भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले छिंदवाड़ा के वीर सपूत पर हमें गर्व है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें और परिजनों को यह वज्रपात सहने की शक्ति प्रदान करे। दुख की घड़ी में पूरा छिंदवाड़ा परिवार उनके साथ है।

# हिमाचल के छह नवनिर्वाचित विधायकों ने विधानसभा सदस्य के रूप में ली शपथ



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में उपचुनाव जीतने वाले नवनिर्वाचित छह विधायकों ने बुधवार को विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने वालों में कांग्रेस की अनुराधा राणा, राकेश कालिया, रणजीत राणा और विवेक शर्मा तथा भाजपा के सुधीर शर्मा और आईडी लखनपाल शामिल हैं। इसी के साथ 68 सदस्यीय विधानसभा में सत्तारूढ़ कांग्रेस के विधायकों की संख्या 34 से बढ़कर 38 हो गई है। जबकि, वर्तमान में तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे के बाद कुल सदस्यों की संख्या 65 रह गई है। उपचुनाव में जीत के बाद भाजपा के विधायकों की संख्या 27 हो गई है। सीएम सुखविंदर सुक्खू ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, राज्य में सरकार बनाने का भाजपा का दावा विफल हो गया है। लोगों ने उपचुनाव में कांग्रेस के चार उम्मीदवारों को चुना है। पार्टी ने विधानसभा में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। सीएम ने कहा कि सरकार हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास जारी रखेगी। इस संबंध में सरकार विभिन्न फैसले ले रही है। सीएम ने आगे कहा कि प्रदेश की जनता ने खरीद-फरोख्त की राजनीति को नकार दिया है। उपचुनाव में चार दलबदलू विधायकों को हार का सामना करना पड़ा है। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस आगामी तीन विधानसभा उपचुनाव के लिए भी पूरी तरह तैयार है।

# देश के नागरिकों के लिए जीवनयापन आसान बनायेगी सरकार : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि सरकार अपने नागरिकों के लिए जीवनयापन आसान बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा वह इस दिशा में और कदम उठाएगी। मोदी सरकार 3.0 में एक बार फिर वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने यह बात कही। सुबह नॉर्थ ब्लॉक पहुंचने पर वित्त सचिव टी.वी. सोमनाथन और वित्त एवं कंपनी मामलों के मंत्रालयों के अन्य सचिवों ने उनका स्वागत किया तथा मौजूदा नीतिगत मामलों की जानकारी दी। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में मजबूत नेतृत्व और विकासोन्मुख प्रशासन से विभिन्न सेक्टरों में बड़े बदलाव आये हैं तथा अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से जारी सुधार कार्य चलते रहेंगे। इससे अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी तथा देश के विकास की रफ्तार बढ़ेगी। उन्होंने हाल के वर्षों में वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की उल्लेखनीय विकास गाथा का जिक्र किया और कहा कि आने वाले वर्षों के लिए आर्थिक परिदृश्य आशावाद से भरपूर है। वित्त मंत्री ने मंत्रालय के तहत आने वाले विभिन्न विभागों से एनडीए सरकार के विकास के एजेंडा को नये उत्साह के साथ आगे बढ़ाने और 'विकसित भारत' के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को पूरा करने के लिए तदनुसार नीति निर्माण की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' में विश्वास करती है। उन्होंने उद्योग जगत के दिग्गजों, नियामकों और नागरिकों समेत सभी हितधारकों के बीच निरंतर सहयोग एवं सामंजस्य की आवश्यकता पर जोर दिया।

# पानी की लीकेज 12 घंटे के अंदर होगी ठीक : आतिशी




**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के चलते दिल्ली में जल संकट बरकरार है और दिल्ली की जनता अब त्राहिमाम कर रही है। दिल्ली के एलजी वी.के. सक्सेना ने दिल्ली के जल मंत्री आतिशी और मंत्री सौरभ भारद्वाज से मुलाकात के बाद एक पत्र जारी किया था, जिसमें बताया गया था कि दिल्ली में पानी तो भेजा जा रहा है लेकिन इसकी बबार्दी लीकेज और चोरी के चलते हो रही है। जिसकी वजह से दिल्ली वालों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली के जल मंत्री आतिशी ने एक लेटर को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह बताया कि एलजी की इस कंप्लेंट से पहले ही दिल्ली के अधिकारी वॉटर पाइपलाइन में लीकेज और अन्य बातों की जांच कर रहे हैं और उसकी रोजाना समीक्षा भी हो रही है।

जारी किए गए पत्र में बताया गया है कि 30 मई को भीषण गर्मी की स्थिति और पानी की मांग में वृद्धि के मुद्दे पर आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि 5 जून से प्रत्येक जोन में एडीएम/एसडीएम स्तर के अधिकारियों को तैनात किया जाएगा। साथ ही तहसीलदारों की एक टीम भी तैनात की जाएगी। अन्य अधिकारी पानी के टैंकरों की व्यवस्था और पानी से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए त्वरित प्रतिक्रिया टीम के रूप में कार्य करेंगे। पत्र के मुताबिक, मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि ये टीमें जल स्रोतों से हमारे जल उपचार संयंत्रों और डब्ल्यूटीपी से प्राथमिक यूजीआर तक मुख्य जल वितरण नेटवर्क की निगरानी और निरीक्षण करेंगी।

ये टीमें यह सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख पाइपलाइनों का निरीक्षण करेंगी कि किसी भी पाइपलाइन में कोई रिसाव नहीं है और यदि कोई रिसाव है, तो उसे 12 घंटे के भीतर ठीक किया जाना चाहिए। पानी की कमी के इस समय में पानी की एक भी बूंद बर्बाद नहीं की जा सकती। पत्र में आगे लिखा गया है कि प्रत्येक त्वरित प्रतिक्रिया टीम द्वारा इस संबंध में किए गए सभी निरीक्षणों की एक रोजाना रिपोर्ट प्रतिदिन शाम 5 बजे तक मुख्य अधिकारी के कार्यालय में जमा की जानी है।

इस पत्र को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का मतलब है कि दिल्ली सरकार की जल मंत्री यह बताना चाहती है कि पानी के लीकेज और बबार्दी को रोकने के लिए उन्होंने पहले ही टीमों का गठन कर दिया है और मिल रही शिकायत के आधार पर कार्रवाई भी की जा रही है।

# जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों की कार्रवाई को मायावती ने सराहा



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमलों पर सरकार और सुरक्षा बलों की कार्रवाई की सराहना की है। इसके साथ ही बसपा प्रमुख ने मामले में राजनीति नहीं करने की सलाह भी दी है। बसपा मुखिया मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करके अपनी बातें रखी। मायावती ने पोस्ट में लिखा, जम्मू-कश्मीर में अभी हाल ही में जो आतंकी वारदातें हुई हैं। जिसमें अधिकांश एक वर्ग विशेष के निर्दोष लोगों को निशाना बनाया गया है। अर्थात हमला किया गया है। यह अति दुःखद व निन्दनीय है। उन्होंने आगे लिखा, ऐसे आतंकी तत्वों को ढेर करने के लिए, सरकार व सुरक्षा बलों द्वारा जो भी सख्त कदम उठाये जा रहे हैं, वह सराहनीय हैं। बीएसपी इसका समर्थन करती है। लेकिन, इसकी आड़ में कोई भी राजनीति करना उचित नहीं। बता दें कि पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकियों ने एक बस पर हमला कर दिया था। इस हमले में बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। इस हादस में 9 लोगों की मौत हुई थी और 41 लोग घायल हुए थे। वहीं, कठुआ जिला की हीरानगर तहसील के सैडा सोहल गांव में बुधवार को दूसरे दिन फिर आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने दूसरे आतंकी को भी ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों और अन्य फोर्स ने मजबूत घेराबंदी कर रखी है। ताबड़तोड़ सर्च अभियान भी चल रहा है।

# आम आदमी पार्टी बताये, टैंकर माफिया से उसका क्या रिश्ता है : शहजाद पूनावाला




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली सरकार को फटकार मिलने के बाद भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने राज्य में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर हमला बोलते हुए कहा कि उसे बताना चाहिए कि उसका वाटर टैंकर माफिया से क्या लेना-देना है। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार से पूछा कि टैंकर माफिया की वजह से दिल्लीवासियों को हर साल पानी के संकट का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उसने टैंकर माफिया पर लगाम कसने के लिए क्या कदम उठाए हैं? भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने दिल्ली सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा, आज सुप्रीम कोर्ट ने पानी की किल्लत को लेकर दिल्ली सरकार पर करारा प्रहार किया है और उनके झूठ तथा नौटंकी का पदार्फाश किया है। सरकार ने लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसा दिया। लोगों की समस्या का समाधान करने की बजाय वह कभी हरियाणा तो कभी हिमाचल प्रदेश पर दोषारोपण कर रही है। आज सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि पानी की आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं है।

**NAME CHANGED**

I, mukesh goel late S/o Sh. Ved Prakash goel R/O 2 C -131 nehru nagar ghaziabad have changed my name to Mukesh Kumar goel for all future purposes for all future purposes.

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।।गुरुवार 13 जून-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







## क्या बड़ा फैसला लेकर आने वाला है आज का सवेरा

# विधायक नन्द किशोर गुर्जर और विधायक अजीत पाल त्यागी का लखनऊ में डेरा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने बड़े पुलिस अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। वो लगातार लैटर लिख रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं। वो यहां तक कह चुके हैं क्या वो किसी और जिले में शरण ले लें। उन्होंने गृह सचिव से लेकर अन्य अधिकारियों को पत्र लिखे। इस जंग में कहीं ना कहीं सुरक्षा वापस लेने वाला रंग भी है। लेकिन लोनी विधायक सुरक्षा को लेकर इंकार कर चुके हैं और उनका मुख्य इश्यु ये है कि वो पुलिस अधिकारी की कार्यशैली से नाराज हैं। वहीं सूत्र बताते हैं कि विधायक अजीत पाल त्यागी भी सुरक्षा को लेकर पुलिस अधिकारी के रवैये से नाराज हैं। दोनों विधायक अपने पत्रों में कहीं ना कहीं ये जिक्र कर चुके हैं जब हमारी जान को खतरा है तो फिर सुरक्षा के साथ आचार



संहिता के नाम पर ये खिलवाड़ क्यों हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि अब इस मामले को लेकर विधायक नन्द किशोर गुर्जर और विधायक अजीत पाल त्यागी लखनऊ में डेरा डाल लिया है। लखनऊ सूत्र बता रहे हैं कि दोनों विधायकों ने शासन के कई अधिकारियों से मुलाकात की है और संगठन के बड़े पदाधिकारियों से मुलाकात की है। सूत्र बताते हैं कि मुलाकात के दौरान दोनों विधायकों ने अपने विषय को रखा है और अपनी बात कहते हुए पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाये हैं। जिस तरह से ये मुलाकाते हुई है उस लहजे को देखकर ये कयास लगाया जा रहा है कि आज का सवेरा कोई बड़ा फैसला लेकर आ सकता है।

### बुधवार को नहीं निकला लोनी विधायक की तरकश से तीर



करंट क्राइम। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने जिले के बड़े पुलिस अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोला है वो उन पर कई आरोप लगा चुके हैं। लगतार कई लैटर लिखकर सनसनी मचा दी है। लेकिन बुधवार को लैटर वाले मैटर में सीज फायर दिखाई दिया। बुधवार को लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर का कोई लैटर नहीं आया। तो ये माना जा रहा है चूंकि बुधवार को दोनों विधायकों ने कई मुलाकात की हैं तो इसलिए ये लैटर का सिलसिला थमा है। बुधवार को लोनी के क्रान्तिकारी विधायक नन्द किशोर गुर्जर की तरकश से कोई तीर नहीं निकला।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से भी की मुलाकात मगर नहीं हुई विषय पर बात



करंट क्राइम। गाजियाबाद की बात लखनऊ में हुई लखनऊ में शासन स्तर के अधिकारियों से लेकर संगठन के पदाधिकारियों से विधायकों की मुलाकात का चर्चा है। सूत्र बताते हैं कि लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर और मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने लखनऊ में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से भी मुलाकात की। मुलाकात में क्या बात हुई यह जानने के लिए करंट क्राइम ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से बात की। कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने करंट क्राइम से बात में दोनों विधायकों से मुलाकात की पुष्टि तो की लेकिन उन्होंने कहा कि मुझसे पुलिस वाले किसी विषय पर कोई बात नहीं हो पाई है। मुलाकात जरूर हुई है लेकिन पुलिस अधिकारी के विषय पर कोई बात नहीं हुई है।

### क्या सांसद और मंत्री के सॉफ्ट रिएक्ट के बाद बदला विधायक ने अपना रूख

करंट क्राइम। अभी तक तो कार्यकर्ता ये आरोप लगा रहे थे कि अधिकारी उनकी नहीं सुनते हैं लेकिन अब आरोप विधायक की जुबान से निकला है और विधायक ने गाजियाबाद के बड़े पुलिस अधिकारी की कार्यशैली को लेकर सवाल उठाया है। लेकिन जिस तरह से विधायक ने अपना रूख बदला है उससे ये अंदाजा लगाया जा रहा है कि लोक सभा सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप के सॉफ्ट रिएक्ट के बाद विधायक ने अपना रूख तो नहीं बदला है। क्योंकि पुलिस और विधायक के बाद में एक फोटो बाहर आया और एक प्रेस नोट बाहर आया। इस ऐपीसोट में जनप्रतिनिधि एकता के दर्शन भी हुए और जो फोटो बाहर आया और प्रेस नोट जारी हुआ उसमें प्रेस नोट आग उगल रहा था। लेकिन इस फोटो और प्रेस नोट के अगले दिन ही कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने सॉफ्ट रिएक्ट किया। उन्होंने प्रेस नोट की भाषा से खुद को अलग किया और अपने बयान में यहां तक कह दिया कि सब लोग एकसाथ बैठे जरूर थे लेकिन सुरक्षा को लेकर कोई रणनीति नहीं बनी थी। ऐसे में ये माना जा रहा है कि सांसद और मंत्री के सॉफ्ट रिएक्ट के बाद विधायक ने रणनीति में ही चेंज कर दिया।

### विवाद निपटाने हेतु बनेंगे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप बड़े सेतू



करंट क्राइम। अगर सरकार के विधायक सरकार की घेराबंदी करें। सरकार के विधायक बड़े पुलिस अधिकारी की कार्यशैली पर सवाल उठा दें तो ये सवाल सरकार की क्षमता पर उठा जाता है। दैनिक करंट क्राइम ने पहले भी प्रकाशित किया था कि क्या संगठन का कोई नेता ऐसा नहीं है जो इस प्रकरण का समाधान करा दे। एक विधायक की नाराजगी पहले दूर की जायेगी या मामले को पेंडिंग रखा जायेगा। बहरहाल इन सबके बीच खबर ये है कि इस विवाद को निपटाने हेतु सरकार के दो मंत्री सेतू बनने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप विवाद समाधान हेतु सेतू का काम करेंगे। इस विवाद को समाप्त करेंगे। सूत्र बताते हैं कि यह सहमति बन चुकी है और विधायक डेरा डाल चुके हैं और मामले का समाधान हो सकता है।

## लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने फिर दोहराई अपनी बात

# कहा विधायकों और संगठन को साथ लेकर करूंगा लोकसभा के काम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इस बार गाजियाबाद की लोकसभा में विधानसभा है और विधानसभा वालों का पूरा फोकस लोकसभा पर है। दरअसल यहां लोकसभा और विधानसभा के बीच दूरियों के किस्से एक नहीं कई बार हुए। दिशा की बैठक हुई लोकसभा वाले पहुंचे लेकिन विधानसभा वालों के दीदार नहीं हुए। फिर ये दूरियां ऐसी बढ़ी जब कई मौके आये जब स्पष्ट संदेश चला गया। अब सीन ही बदल गया और लोकसभा में उम्मीदवार ही विधानसभा से आ गया। यानी लोकसभा सांसद विधायकों के बीच से आ गये और अब शहर विधायक अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं लिहाजा ये माना जा रहा है कि अब विधानसभा वाली दूरियां खत्म हो गई हैं। अतुल गर्ग वैसे भी ईजी टू कनैक्ट ईजी टू रीच माने जाते हैं। पूरी तरह से शहरी परिवेश के व्यक्ति हैं। पीढ़ियों का सियासी इतिहास है। ऐसे में अब ट्यूनिंग जबरदस्त रहेगी। अतुल गर्ग ने एक बार फिर इसका एहसास कराया। जब लोकसभा क्षेत्र के विकास लोकसभा क्षेत्र के विजन को लेकर बात चली तो अतुल गर्ग ने दोहराया कि वह अपनी लोकसभा क्षेत्र के सभी विधायकों और भाजपा संगठन को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने कहा कि मैं पहले विधायक रहा हूं और अब सांसद हूं लिहाजा मैं ये जानता हूं कि अगर विधानसभा और लोकसभा की ट्यूनिंग अच्छी होती है तो इसका लाभ आम जनता को मिलता है। विकास के विजन में पंख लग जाते हैं। अतुल गर्ग ने कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि चाहे कोई भी मुद्दा हो मैं विधायकों को संगठन को इग्नोर नहीं करूंगा, उन्हें साथ लेकर चलूंगा। अतुल गर्ग ने यह भी कहा कि कार्यकर्ता की समस्या का समाधान पहली प्राथमिकता होगी और किसी भी विषय पर विधायक सांसदों के बीच सहमति होने के बाद ही काम होगा।



### जनसेवा का रहा है फैमिली शिजरा

करंट क्राइम। अतुल गर्ग ने एक रिकार्ड बनाया है और आमतौर पर बिरले लोगों के हिस्से में ये मुकाम आता है। उनके पिता डीसी गर्ग गाजियाबाद के पहले सीए थे और वह दो बार मेयर रहे। उनके पुत्र अतुल गर्ग दो बार विधानसभा का चुनाव जीतकर विधायक बने और फिर लोकसभा का चुनाव बड़े मार्जिन के साथ जीतकर सांसद बने हैं। एक परिवार में मेयर, विधायक, सांसद का होना और जनता के बीच जाकर चुनाव जीतकर होना एक बड़ी उपलब्धि है। अतुल गर्ग का फैमली शिजरा जनसेवा का है और वो बहुत पहले ये कह चुके हैं कि उनके डीएनए में भाजपा है। सबसे खास बात ये है कि सबको साथ लेकर चलते हैं। स्पष्ट रूप से अपनी बात कहते हैं।

## मेयर सुनीता दयाल ने दे दी भीषण गर्मी में बड़ी राहत

# सिहानी में निगम की पानी टंकी हुई चालू लाखों की आबादी को मिलेगा फायदा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इन दिनों भीषण गर्मी चल रही और गर्मी के दिनों में पानी की डिमांड बढ़ जाती है। जलापूर्ति की डिमांड को पूरा करने के लिए नगर निगम के प्रयास अब असर दिखा रहे हैं। बीते कुछ समय पहले महापौर सुनीता दयाल के निर्देश पर सिहानी में पानी की जो टंकी का निर्माण और उसका रखरखाव हुआ था अब उसे शुरू कर दिया गया है। गर्मी के मौसम में जलापूर्ति की सप्लाई शुरू होने से जहां लाखों की आबादी को लाभ मिलेगा। तो वही टंकी के प्रथम चरण में नूर नगर, सादिक नगर व सिहानी की बढ़ी आबादी को पानी मिलेगा, जबकि इसके दूसरे चरण में सिकरोड, मोरटा, रहीसपुर और सदरपुर को भी पानी मिलना शुरू हो



जाएगा। महापौर सुनीता दयाल ने कुछ महा पूर्व इसका निरीक्षण किया था। साथ ही काम में तेजी लाने और जो लीकेज थी उसे जल्द ठीक करने का निर्देश दिया था, उनके निर्देशों का असर देखने को मिला है।

### दूसरे चरण में मिलेगा फायदा

करंट क्राइम : महापौर ने बताया कि दूसरे चरण में गढ़ी, सिकरौड़, मोरटा, रहीसपुर और सदरपुर की टंकियां को भी सुधार के वहां की आबादी को टंकी वाला साफ पानी मुहैया कराया जाएगा। महापौर सुनीता दयाल का कहना है कि खराब टंकी और जलापूर्ति न होने की समस्या को उन्होंने शासन तक रखा था। इस पर शासन के दिशा-निर्देशों का पालन भी करवाया गया और उन्होंने भी जलकल के अधिकारियों से लगातार इस पूरे मामले में जल्द से जल्द पानी की सप्लाई और टंकी चालू करने का निर्देश दिया गया था।

# पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने बताया कार्यकर्ता का महत्त्व

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनैतिक संगठन में कार्यकर्ता का बड़ा महत्व है। दल की नीतियों और कार्यक्रमों को जनता तक ले जाने का गुरुत्तर दायित्व का निर्वाह वही करता है।जनता का फीड बैक भी संगठन तक पहुंचाने का सबसे सरल और प्रमाणिक माध्यम ये ही माना गया। जैसे जैसे धन की उपलब्धता बढ़ी राजनैतिक दलों ये काम पेशेवरों को आउट सोर्स कर दिया। जिस प्रकार गूगल ज्ञान का विकल्प नहीं है, कम्प्यूटर मानव मस्तिष्क का विकल्प नहीं है उसी प्रकार कारपोरेट सिस्टम सैद्धांतिक और मानवीय भावनाओ से प्रेरित संगठन की कार्य पद्धति का विकल्प नहीं हो सकता। भाजपा का जो कार्यकर्ता इस लोक सभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में भाजपा की अप्रत्याशित रूप से पिछड़ने से मर्माहत है ,उसे किसी एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थ व्यवस्था के नारे से मरहम नहीं लगाया जा सकता है। लोक सभा चुनाव के परिणाम स्पष्ट बता रहे हैं कि सरकार के विकास के बहुआयामी कार्य मतदाता को प्रभावित करने में असफल रहे हैं। पेट दर्द का उपचार सिर दर्द की गोली से करने का प्रयास स्वयं को भ्रमित करने का प्रयास होगा। भाजपा और संघ का जो मूल था और किसी दूसरे दल के पास नहीं था, वह था, अपने कार्यकर्ता, अपने समर्थक और अपने प्रशंसक से सीधा और सतत और जीवंत संवाद बनाये रखना। चाहे बूथ प्रमुख हो चाहे पन्ना प्रमुख हो ,वह वेतन भोगी कर्मचारी नही हो सकता। वह तो भावनात्मक रूप से जुड़ा कार्यकर्ता ही कर सकता है। जिन लोगों को भ्रम है कि कर्मचारी कार्यकर्ता का विकल्प है ,वह मूर्खो की जन्नत में रहते हैं। जिन लोगों ने अमेरिका की नकल करते हुए चुनावों को कॉरपोरेट सिस्टम पर लड़ने और जीतने का भ्रम पाला है ,उन्हें समझ मे आ जाना चाहिए कि पिछले दस वर्ष में के चहुमुखी प्रत्यक्ष विकास के बाद भी भाजपा अपने बूते बहुमत से चूक गई। इसके मूल में कहीं न कहीं कार्यकताओं की प्रत्यक्ष और सक्रिय भागीदारी न होना है।

अगर सबसे पहला काम होना चाहिए तो वह है कि अपने कार्यकर्ता से समर्थक से और प्रशंसक से भी सीधे और सतत संवाद का बड़ा अभियान चलाना चाहिए। बड़े नेताओं को भली बुरी सुननी पड़ेगी , इस संकोच से बाहर निकल कर संगठन के व्यापक हित में ये अभियान चलाना चाहिए। इसमें से ही समस्या का समाधन निकलेगा।

अगर भाजपा का नेतृत्व इस वास्तविकता को पचा पाने की सामर्थ्य रखता हो तो उसे पता चलेगा कि इस बार पूंजी में भी क्षय हुआ है ।जिन वर्गों को जातीय समूहों को वोट बैंक माना जाता था ,उनमें बिखराव बड़े खतरे की ओर इशारा कर रहा है। अगर सच जानना है तो किसी सर्वे एजंसी ,किसी पत्रकार या किसी राजनैतिक विश्लेषक से जानने के बजाय अपने फील्ड के कार्यकर्ता से पूछो । जो वह बताएगा उसी से कारणों का भी पता चलेगा और समाधन का रास्ता भी दिखेगा। जब तक फील्ड में इम्प्लीमेंट करने वाले अपने कार्यकर्ता से चर्चा करके उंसके मनोबल को ऊंचा करने की पहल नहीं करोगे तब तक अपेक्षित परिणाम सम्भव नहीं है।

**लोकसभा चुनाव के परिणाम स्पष्ट बता रहे हैं कि सरकार के विकास के बहुआयामी कार्य मतदाता को प्रभावित करने में असफल रहे हैं। पेट दर्द का उपचार सिर दर्द की गोली से करने का प्रयास स्वयं को भ्रमित करने का प्रयास होगा।**



**अगर सच जानना है तो किसी सर्वे एजेंसी, किसी पत्रकार या किसी राजनैतिक विश्लेषक से जानने के बजाय अपने फील्ड के कार्यकर्ता से पूछो।**

## संपादकीय

# सरकार नई, चेहरे पुराने

केंद्रीय मंत्रिपरिषद के स्पष्ट संकेत हैं कि यह निरंतरता की ही सरकार है। भाजपा के अल्पमत का तनाव और गठबंधन के दबावों, सवालों की जरा-सी भी चिंता प्रधानमंत्री मोदी को नहीं है। कार्यभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री ने प्रथम हस्ताक्षर किसान सम्मान निधि वाली फाइल पर किए, तो किसी भी मंत्री को जानकारी नहीं थी। प्रधानमंत्री ने 9.30 करोड़ किसानों के लिए 20,000 करोड़ रुपए जारी किए। किसानों की 17वीं किस्त दी गई। शाम को कैबिनेट की प्रथम बैठक में ही गरीबों के लिए ऐसे 3 करोड़ आवास बनाने की योजना को स्वीकृति दी गई, जिनमें शौचालय, एलपीजी, नल और बिजली के कनेक्शन की सुविधाएं भी होंगी। ये मकान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बनाए जाएंगे। मोदी सरकार अपने 10 साला कालखंड में ऐसे 4.21 करोड़ मकान बनाकर बांट चुकी है। सबसे महत्वपूर्ण यह रहा कि पिछली सरकार में जो मंत्री रक्षा, गृह, सडक परिवहन, विदेश, वित्त, शिक्षा, रेल, पेट्रोलियम, वाणिज्य-उद्योग, कानून और पर्यावरण आदि मंत्रालयों के प्रभारी थे, उन्हीं चेहरों को यथावत कार्यभार सौंपा गया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 2014 की मोदी सरकार में ही स्वास्थ्य मंत्री थे। अब 2024 की कैबिनेट में भी वह स्वास्थ्य मंत्री बनाए गए हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया, सबार्नंद सोनोवाल, किरेन रिजीजू, प्रह्लाद जोशी, मनसुख मांडविया, गजेन्द्र शेखावत, जी किशन रेड्डी आदि पुराने मंत्री हैं, जिन्हें नए मंत्रालय के साथ नई सरकार का हिस्सा बनाया गया है। कई राज्यमंत्रियों के भी मंत्रालय वही पुराने रखे गए हैं।

सबसे संवेदनशील सुरक्षा की कैबिनेट कमेटी में भी कोई फेरबदल नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी पर तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी), जनता दल-यू, शिवसेना, एनसीपी सरीखे सहयोगी दलों का कोई दबाव और तनाव दीखता नहीं है। उन्हें प्रधानमंत्री ने अपने विशेषाधिकार के अनुसार मंत्रालय सौंपे हैं। सरकार में प्रधानमंत्री समेत 72 मंत्री हैं, जिनमें से 61 मंत्री भाजपा के हैं। हिंदी भाषी क्षेत्रों से 36 मंत्री और दक्षिण भारत से 13 मंत्री लिए गए हैं। महिला मंत्रियों की संख्या 7 है। शायद इसी आंकड़े की परंपरा रही है। मौजूदा मंत्रिपरिषद की औसत आयु 58.7 साल है, जबकि 2019 में यही 60 साल के कुछ ऊपर थी। हालांकि कैबिनेट में 7 पूर्व मुख्यमंत्री हैं, लेकिन हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय दिए गए हैं और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय का दायित्व सौंपा गया है। रेल के साथ-साथ सूचना-प्रसारण मंत्रालय भी अश्विनी वैष्णव को दिया गया है। वह प्रौद्योगिकी सम्पन्न मंत्री हैं, सूचनाओं को दबाने या बांटने के खेल से अनभिज्ञ हैं, लिहाजा सूचना मंत्रालय दिए जाने पर आश्चर्य होता है। संभव है कि जब कैबिनेट का विस्तार या फेरबदल होगा, तो यह मंत्रालय किसी और मंत्री को दिया जा सकता है। इसी तरह ऊर्जा मंत्रालय भी तकनीक और विज्ञान पर आधारित मंत्रालय है। खट्टर के संदर्भ में तालमेल मुश्किल हो सकता है।

# कृषि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही ड्रोन की भूमिका

## 2025 तक 7000 से अधिक ड्रोन्स प्रयोग में होंगे



**नई दिल्ली।** कृषि क्षेत्र में पिछले कुछ सालों से ड्रोन की भूमिका लगातार बढ़ रही है। वर्तमान में कृषि क्षेत्र में 3,000 से अधिक के ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है। वित्त वर्ष 2025 तक यह संख्या 7,000 तक पहुंच सकती है। जानकारों के अनुसार कृषि क्षेत्र में ड्रोन्स का उपयोग बड़े बदलाव लाएगा। कृषि क्षेत्र के विभिन्न परिचालनों में भी ड्रोन्स के इस्तेमाल की संख्या आने वाले समय में बढ़ेगी। सरकार पिछले कुछ सालों से कृषि क्षेत्र में फसल के लिए जमीन की मापी, पोषक तत्व, उर्वरक और सिंचाई जैसी गतिविधियों के लिए ड्रोन को बढ़ावा दे रही है। इसलिए मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) की मांग में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। उद्योग के अनुमान के अनुसार वर्तमान में कृषि क्षेत्र में 3,000 से अधिक के ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है। वित्त वर्ष 2025 तक यह संख्या 7,000 से अधिक सकती है। जानकारों का कहना है कि इससे पानी, मिट्टी के पोषक तत्वों और फसल सुरक्षा फॉमूर्लेशन के सही इस्तेमाल से फसल की उत्पादकता को बढ़ाने में काफी सहायता होती है।

कृषि के अलावे अन्य उद्योगों में भी ड्रोन्स का इस्तेमाल बढ़ेगा ड्रोन उपकरणों को संचालित करने वाली और ड्रोन पायलट्स को प्रशिक्षण देने वाली कंपनी ड्रोन डेस्टिनेशन के प्रबंध निदेशक चिराग शर्मा भी इस नए उद्योग के भविष्य को लोकर आशान्वित हैं। वे बताते हैं कि अगले कुछ सालों में कृषि के साथ अन्य उद्योगों के परिचालन में भी ड्रोन्स का इस्तेमाल बढ़ेगा। आने वाले समय में विभिन्न उद्योगों में ड्रोन्स का इस्तेमाल बढ़कर 10,000 से 15,000 तक पहुंच सकता है।

### कृषि क्षेत्र में ड्रोन्स हैं मददगार

ड्रोन निमार्ता कंपनी दक्षा अनमैंड सिस्टम्स के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025 के अंत तक सरकार के सर्मथन से ड्रोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ सकता है। इसके इस्तेमाल से कृषि क्षेत्र में पानी का उपयोग 70 प्रतिशत तक कम हो सकता है। साथ ही ड्रोन्स उर्वरक के उपयोग में भी 20 से 30 प्रतिशत तक की कमी लाने में मदद करेंगे। उद्योग जगत का मानना है कि वर्तमान में कृषि क्षेत्र में 3,000 से अधिक के ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है, वित्त वर्ष 2025 तक यह संख्या 7,000 से अधिक हो सकती है। ड्रोन निमार्ताओं के अनुसार फिलहाल ड्रोन्स की कीमतें 6 से 7 लाख रुपये के बीच हैं। नैनो यूरिया और डाय-अमोनियम फॉस्फट (डीएपी) को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख सहकारी संस्था इफको ने जुलाई 2023 में नैनो मिट्टी पोषक तत्वों का छिड़काव करने के लिए 2500 ड्रोन की खरीदारी करने की घोषणा की थी। सहकारी संस्था ने जानकारी देते हुए बताया था कि इन्हें ऑपरेट करने के लिए 5000 ग्रामीण उद्यमियों को प्रशिक्षण दी जा रही है।

# शेयर बाजार में हरे निशान पर क्लोजिंग, सेंसेक्स 150 अंक उछला

## निफ्टी 23300 के पार पहुंचा




**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में मजबूत शुरूआत के बाद क्लोजिंग भी हरे निशान पर हुई। बुधवार को सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान पर बंद हुए। इससे पहले निफ्टी और मिडकैप इंडेक्स दिन के कारोबार में अपने नए हाई पर पहुंचे। हालांकि दिन का कारोबार समाप्त होने के बाद बाजार में मुनाफावसूली दिखी। आखिरकार सेंसेक्स 149.98 (0.19%) अंकों की बढ़त के साथ 76,606.57 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 58.11 (0.25%) अंक चढ़कर 23,322.95 के लेवल पर बंद हुआ।

चुनाव परिणामों के दिन की गिरावट से तेजी से उबरा बाजार भारतीय शेयर बाजार बीते दिनों के चुनावी झटके से हाल के वर्षों में सबसे तेज गति से उबरा है। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने पिछले सप्ताह में बाजार में आई करीब 400 अरब डॉलर की बिकवाली को खरीदारी के अवसर के रूप में इस्तेमाल किया।

पिछले एक दशक में बाजार में दिखी सबसे तेज रिकवरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाले एनडीए गठबंधन को अपेक्षा से कम सीटें आने के बाद चुनाव परिणामों के दिन 4 जून को बेंचमार्क एनएसई निफ्टी 50 इंडेक्स लगभग 6% तक गिर गया था। हालांकि, अगले तीन सत्रों में बाजार अपने नुकसान की भरपाइ करने में सफल रहा। यह पिछले दशक में 5% से अधिक की गिरावट के बाद बाजार की सबसे तेज रिकवरी रही। एक शेयरों में टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस 5% की बढ़त के साथ बंद हुआ। कंपनी ने सिंगापुर में इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन सॉल्यूशंस (आईएससीएस) सेवा के लिए डेमलर ट्रक साउथ ईस्ट एशिया पीटीई के साथ नए पांच साल के रणनीतिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। इस बीच, बीएसई पर सभी सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बुधवार को 2.37 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 429.31 लाख करोड़ रुपये हो गया। बाजार में बुल्स का पलड़ा भारी दिखा। बीएसई पर लगभग 2,554 शेयरों में तेजी आई, 1,338 शेयरों में गिरावट आई और 99 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे

निफ्टी 50 इंडेक्स में कोल इंडिया, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और बीपीसीएल जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के शेयर टॉप गेनर्स रहे। वहीं, घरेलू बाजार आधारित स्मॉलकैप और मिडकैप इंडेक्स 1% की बढ़त के साथ बंद हुए ।आईटी कंपनियों के शेयर भी बुधवार को 1.65% की बढ़त के साथ बंद हुए।

### फेड की ओर से ब्याज दरों कटौती की संभावना घटी

अमेरिक में मुद्रास्फीति में पिछले महीने कमी आने की उम्मीद थी, लेकिन उम्मीद से अधिक मजबूत नौकरियों के आंकड़े ने मुद्रास्फीति स्थिर रहने की आंशका बढ़ा दी है, जबकि विकास मजबूत बना हुआ है। सितंबर में फेड की ओर ओर से ब्याज दरों में कटौती की संभावना एक सप्ताह पहले के 78% से घटकर 56% हो गई है। निवेशक अब संभावित दर में कटौती के समय पर संकेत के लिए नीति निमार्ताओं के आगे की रणनीति और टिप्पणियों को करीब से नजर बनाए हुए हैं।

# सोना 250 रुपये चढ़ा, वैश्विक बाजार में तेजी के बीच चांदी 800 रुपये उछली



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरार्फा बाजार में सोना 250 रुपये की तेजी के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, वैश्विक बाजार में तेजी के रुख के बीच चांदी भी 800 रुपए उछलकर 91,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सत्र में सोना 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। वैश्विक बाजार में मजबूती के रुख के बीच चांदी भी 800 रुपए उछलकर 91,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी के अनुसार दिल्ली के बाजार में 24 कैरेट सोने का हाजिर भाव 250 रुपये की तेजी के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर हाजिर सोने का भाव 12 डॉलर की तेजी के साथ 2,315 डॉलर प्रति औंस हो गया।

गांधी ने कहा कि अमेरिकी ट्रेजरी के नरम प्रतिफल और स्थिर अमेरिकी डॉलर की मदद से बुधवार को सोने में तेजी आई। चांदी भी मामूली तेजी के साथ 29.35 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी 29.20 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी। कॉमोडिटीज बाजार में बुधवार को एक दायरे में कारोबार होता दिखा क्योंकि व्यापारी देर शाम आने वाले अमेरिकी सीपीआई के आंकड़ों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## राशिफल

**मेष:** शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**वृष:** मन शान्त रहेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य परेशान कर सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन:** कला या संगीत में रुचि बढ़ेगी। परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, परन्तु बातचीत में संयत रहें। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क:** धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन हो सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह:** वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु आत्मविश्वास में कमी रहेगी। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**कन्या:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा।

**तुला:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**धनु:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा पर खर्च बढ़ सकते हैं। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन :स्थिति रहेगी।

**मकर:** मन अशान्त हो सकता है। नकारात्मक विचारों से बचें। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। घर-परिवार में मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**कुंभ:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। पारिवारिक सुख में कमी रहेगी।

**मीन:** मानसिक शान्ति रहेगी। आत्मविश्वास रहेगा। कारोबार के प्रति सचेत रहें। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

## चुटकुले

पूनम अपनी सहेली मीना से- क्या तुमने यह नई साड़ी खरीदी है?
मीना- हां, 5 हजार रुपये की है.
पूनम- अरे वाह... यह जैवलरी भी नई खरीदी है?
मीना- हां, पूरे 2 लाख रुपये की है.
पूनम- क्या तुम्हारे पति ने नई जॉब बदल ली.
मीना- नहीं, मैंने पति ही बदल लिया!

---

गर्लफ्रेंड- मैं अपना पर्स घर पर भूल आई,
मुझे एक हजार रुपये की जरूरत है.
बॉयफ्रेंड- कर दी ना छोटी बात,
पगली ये ले 10 रुपये, अभी रिक्शा करके घर जा और पर्स लेकर आ, गर्लफ्रेंड बेहोश!

---

एक अम्मा को एक भिखारी मंदिर के बाहर मिला...
भिखारी - भगवान के नाम पर कुछ दे दो मां जी, चार दिन से कुछ नहीं खाया।
अम्मा 500 का नोट निकालते हुए बोली 400 खुले हैं?
भिखारी - हां हैं, मां जी।
बुढ़िया - तो उससे कुछ लेकर खा लेना!

## रोचक तथ्यों का करंट

- पैदल चलते समय लगभग प्रतिशत टाइम हमारी आखँ बंद होती हैं।
- लोग आपके बारे में जब अच्छा सुनते हैं तो यकीन नहीं करते लेकिन बुरा सुनने पर तुरंत भरोसा कर लेते हैं।
- दुनिया का सबसे प्रदूषित स्थान भारत की राजधानी दिल्ली हैं।
- सीखते समय आपका दिल एक सेकेंड के लिए रुक जाता है।
- पक्षी अपने वजन के आनुपातिक दृष्टिकोण से इंसानो से ह्य72 गुना अधिक शक्तिशाली होते हैं।
- दुनिया के 95 प्रतिशत लोग नइ पेन खरीदने के बाद सबसे पहले अपना नाम लिखते है।
- काक्रोच अपने 6 पैरों से एक सेकंड में लगभग 1 मीटर की दूरी तय कर लेता है।
- 20 लोग एक कमरे में होंगे तो 50% तक यह चांस रहता है की दो लोगों की जन्म तारीख एक होंगी।
- सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाले देश में भारत दुनिया में सबसे पहले नंबर में आता हैं।
- Almost सबसे लंबा अंग्रेजी शब्द है जिसमें सारे शब्द अल्फाबेटिकली क्रम में आते हैं।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# यूएसए के खिलाफ मैच में भारत की जीत की दुआ करेगा पाकिस्तान



**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप 2024 को बुधवार यानी आज टीम इंडिया और अमेरिका (यूएसए) के बीच ग्रुप-ए का एक महत्वपूर्ण मुकाबला खेला जाएगा। जो भी टीम यह मैच जीतेगी वो सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर लेगी। दिलचस्प बात यह है कि पाकिस्तानी टीम भी भारत की जीत की दुआ करेगी। समझें क्यों...? पूरा पाकिस्तान इस मुकाबले में भारत की जीत की दुआ करेगा। आपके मन में यह सवाल जरूर होगा कि आखिर ये उलटी गंगा क्यों बह रही है? दरअसल, इसके पीछे भी पाकिस्तान का स्वार्थ है। टूनामेंट में तीन मैचों में दो हार के साथ बाबर आजम की टीम ग्रुप-ए में तीसरे नंबर पर है। टूर्नामेंट में पाकिस्तान को धूल चटा चुकी यूएसए दो मैचों में दो जीत के साथ भारत के बाद दूसरे नंबर पर है। ऐसे में अगर पाकिस्तान को क्वालीफाई करना है, तो उसे अपना बाकी बचा एक मैच जीतना होगा, साथ ही दुआ करनी होगी कि अमेरिका अपने बाकी बचे दोनों मुकाबले गंवा दे। टी20 विश्व कप 2024 पाकिस्तान के लिए अभी तक ज्यादा अच्छा नहीं रहा है। इस टीम को सबसे बड़ा झटका यूएसए ने दिया। हालांकि, पाकिस्तान ने कनाडा को हराकर थोड़ी चैन की सांस ली थी लेकिन अब भी उस पर टूनामेंट से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। भारत से उम्मीद लगाए बैठे पाकिस्तान के लिए राहत की बात यह है कि टीम इंडिया इस मुकाबले में जीत की प्रबल दावेदार है। लेकिन न्यूयॉर्क की मुश्किल पिच पर अमेरिका को हल्के में लेने की भूल रोहित एंड कंपनी कभी नहीं करेगी, वो भी जब यूएसए ने पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम को लोहे के चने चबवा दिए। अमेरिका की टीम ने पिछले कुछ दिनों में जिस तरह का प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए यह मुकाबला रोमांचक होने वाला है। भारत और अमेरिका के बीच यह मैच न्यूयॉर्क के नसाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम आठ बजे शुरू होगा। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम सुपर-8 में क्वालीफाई करने की मजबूत दावेदार है। दूसरी ओर मुश्किल स्थिति में घिरी पाकिस्तान टीम भी यही चाहेगी की टीम इंडिया हर हाल में यह मैच जीते, क्योंकि अगर यूएसए टूनामेंट में एक और बड़ा उलटफेर करने में सफल रही, तो पाकिस्तान की मुश्किलें और बढ़ जाएगी।

# विवादित गोल से हारा भारत, कप्तान गुरप्रीत ने सोशल मीडिया पर जाहिर किया गुस्सा



**दोहा।** भारतीय फुटबॉल टीम को मंगलवार रात एशियाई चैम्पियन कतर के खिलाफ 2-1 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि मैच में टीम अधिकतम समय आगे रही थी। कतर के खिलाफ इस हार ने भारतीय फुटबॉल टीम और फैंस का फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में क्वालीफाई करने का सपना तोड़ दिया। यह एक ऐसा चरण था जहां तक भारतीय टीम पहले कभी नहीं पहुंची थी। इतना ही नहीं इस हार के कारण भारत को एएफसी एशियाई कप 2027 के लिए ऑटोमेटिक क्वालिफिकेशन नहीं मिल पाएगा। मैच के बाद भारतीय कप्तान गुरप्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, ३हमें खुद पर भरोसा था। इतना कुछ हो जाने के बावजूद हमारे पास मौका था। टीम ने पूरी कोशिश की लेकिन नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा। कतर के खिलाफ दुर्भाग्यपूर्ण परिणाम और बराबरी का यह गोल हमारे लिए सबक है कि हमें आगे किस तरह से खेलना है।

आपको हर तरह से आक्रामकता दिखानी होगी। कोई भी हमें जीत को थाली में सजा कर नहीं देगा। हमें इसे हासिल करना होगा। संधू ने टीम के प्रशंसकों की भी सराहना की, जिन्होंने हर परिस्थिति में टीम का साथ दिया है। भारतीय कप्तान ने कहा, इस अभियान के दौरान हमारा समर्थन करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद, चाहे कितने भी उतार-चढ़ाव क्यों न रहे हों, आप सब ने हमारा समर्थन किया है। हम आपको हमेशा गौरवान्वित करेंगे। भारत का फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में क्वालीफाई करने का सपना एशियाई चैम्पियन कतर से विवादास्पद तरीके से 2-1 से हारने के बाद टूट गया। यह पूरा मामला मैच के 73वें मिनट में हुआ। भारतीय गोलकीपर गुरप्रीत ने कतर के खिलाड़ी युसूफ अयमन का एक हेडर रोका। इसके बाद गेंद गोल पोस्ट के पास लाइन के पार चली गई लेकिन अल हाशमी बॉल को अंदर लेकर आ गए, जिस पर अयमन ने गोल कर दिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने खेलना रोक दिया लेकिन रेफरी ने सीटी नहीं बजाई और कतर के खाते में गोल दे दिया। रिप्ले में साफ दिख रहा था कि फुटबॉल लाइन को क्रॉस कर चुकी है, यानी यहां पर खेल रुक जाना चाहिए था। इस गलत फैसले के कारण भारत का ध्यान भटक गया और उसने अपनी लय खो दी। मैच में शुरूआत में आगे चल रही भारत 1-1 से बराबरी के बाद संघर्ष करता नजर आया। फिर, एशियाई चैम्पियन कतर ने 85वें मिनट में अहमद अल रावी की बदौलत अपना दूसरा गोल कर दिया और मैच अपने नाम करने में सफल रहा।

# एआईएफएफ ने कतर के विवादित गोल की जांच की मांग की



**नई दिल्ली।** कतर के खिलाफ भारत की विवादित हार के बाद, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एक बयान जारी कर बताया कि उसने मैच आयुक्त को शिकायत की है और पूरे मामले की गहन जांच की मांग की है।

भारत का फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में क्वालीफाई करने का सपना एशियाई चैम्पियन कतर से विवादास्पद तरीके से 2-1 से हारने के बाद टूट गया।

एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने एक बयान में कहा, मंगलवार रात फीफा 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के राउंड 2 के आखिरी मैच में कतर के खिलाफ हार पूरे भारतीय फुटबॉल जगत के लिए एक बड़ी निराशा थी। हालांकि जीत और हार खेल का एक हिस्सा है, और हमने इसे विनम्रता से स्वीकार करना सीख लिया है, लेकिन भारत के खिलाफ कतर के किए गए दो गोलों में से एक ने कुछ सवाल खड़े कर दिए हैं। इसमें आगे कहा गया, हम, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ में हमेशा मानते हैं कि खेल की भावना को बनाए रखा जाना चाहिए और नियमों का पालन बिना किसी संदेह के किया जाना चाहिए। इसी रुख को बनाए रखते हुए, हमने कतर के खिलाफ मैच के बाद, अपने मुख्य रेफरी अधिकारी के परामर्श से, फीफा क्वालीफायर के प्रमुख, एएफसी रेफरी के प्रमुख, एएफसी प्रतियोगिताओं के प्रमुख और खेल के लिए मैच कमिश्नर को पत्र लिखने का फैसला किया है, जिसमें उनसे खेल के दौरान हुई इस गलती पर विचार करने का अनुरोध करेंगे, जिसके कारण हमें फीफा विश्व कप क्वालीफायर राउंड 3 में जगह गंवानी पड़ी।

कतर के खिलाफ इस हार ने भारतीय फुटबॉल टीम और फैंस का फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में क्वालीफाई करने का सपना तोड़ दिया। यह एक ऐसा चरण था जहां तक भारतीय टीम पहले कभी नहीं पहुंची थी। इतना ही नहीं इस हार के कारण भारत को एएफसी एशियाई कप 2027 के लिए ऑटोमेटिक क्वालिफिकेशन नहीं मिल पाएगा।

# यूएसए के सौरव नेत्रलवकर ने सूर्या के साथ अंडर-15 के दिनों को किया याद




**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप 2024 में बुधवार को नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत का सामना यूएसए से होगा। मैच से पहले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर ने सूर्यकुमार यादव के साथ अपने अंडर-15 के दिनों को याद किया। यूएसए ने पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में भारत का सामना इससे पहले नहीं किया है। यूएसए की टीम में नेत्रवलकर, हरमीत सिंह, कप्तान मोनंक पटेल, मिलिंद कुमार, नोशतुश केंजीगे, निसर्ग पटेल जैसे भारतीय खिलाड़ी हैं, जो भारतीय घरेलू सेट-अप का हिस्सा थे। भारत के पूर्व अंडर-19 खिलाड़ी नेत्रवलकर ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, सूर्यकुमार मेरे खास दोस्त हैं। अंडर-15 दिनों से उन्हें देखा है। हम मुंबई के लिए एक साथ खेलते हुए बड़े हुए हैं। वह हमेशा खास रहे हैं, उनके नाम अंडर-15 और अंडर-17 मैचों में दोहरा शतक भी है। उनके पास वह प्रतिभा थी और हम जानते थे कि वह कुछ खास करेंगे। उन्हें भारत के लिए खेलने का मौका देर से मिला, लेकिन मैं बहुत खुश हूं। मैं उनसे मिलने के लिए उत्साहित हूं, और यह न केवल उनके खिलाफ बल्कि हमारे साथ पहले खेल चुके कई खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का अवसर है। मुझे नहीं पता कि सूर्या को कैसे आउट किया जाए, लेकिन मुझे लगता है कि मैं बस अपनी भूमिका निभाने की कोशिश करूंगा। बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर हरमीत 2012 विश्व कप जीतने वाली भारत की अंडर-19 टीम के सदस्य थे। उन्होंने बताया कि कैसे वह मुंबई में रहते हुए वर्तमान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को अपना आदर्श मानते थे। उन्होंने कहा, मैं रोहित शर्मा को अपना आदर्श मानता था। रोहित और मैं एक ही स्कूल से हैं। मैंने उनके साथ अपना प्रथम श्रेणी डेब्यू किया था और उन्होंने मुझसे कुछ टूनामेंट पहले अंडर-19 विश्व कप खेला था। गुजरात के लिए क्रिकेट खेल चुके वर्तमान यूएसए कप्तान मोनंक ने भारत के बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल के साथ अपने संबंध के बारे में बात की। उन्होंने कहा, मैंने अंडर-19 और अंडर-15 मैचों में अक्षर और बुमराह के साथ खेला है। अक्षर उसी शहर से आते हैं, जहां से मैं हूं। यह एक छोटा शहर है, और उन्होंने जाहिर तौर पर वहां के कई युवाओं को प्रेरित और प्रोत्साहित किया है। मैं उन्हें आगे बढ़ते और अच्छा क्रिकेट खेलते हुए देखकर खुश हूं। न्यूजीलैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके तेज गेंदबाज ऑलराउंडर कोरी एंडरसन ने अपने विचार साझा किए कि वह अपने मुंबई इंडियंस टीम के साथी जसप्रीत बुमराह के खिलाफ खेलने को लेकर कितने उत्साहित हैं। भारत और अमेरिका के बीच खेले जाने वाला यह मुकाबला जो भी टीम जीतेगी वो सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर जाएगी। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम क्वालीफाई करने की मजबूत दावेदार है। दूसरी ओर मुश्किल स्थिति में घिरी पाकिस्तान टीम भी भारत की जीत की दुआ करेगी, क्योंकि अगर यूएसए टूनामेंट में एक और उलटफेर करने में सफल होता है, तो पाकिस्तान की मुश्किलें और बढ़ जाएगी।

# बारिश की भेंट चढ़ा नेपाल और श्रीलंका का मैच




**लॉडरहिल।** नेपाल और श्रीलंका के बीच टी20 विश्व कप ग्रुप डी का मैच फ्लोरिडा में खराब मौसम के कारण रद्द कर दिया गया। बारिश की वजह से मैच का टॉस भी नहीं हो सका। इसके बाद दोनों टीमों को 1-1 अंक मिला।

अंक मिलने से दोनों ही टीमों का विश्व कप 2024 में खाता खुल गया है लेकिन श्रीलंका को इससे बड़ा झटका लगा है, क्योंकि इस मुकाबले को जीतकर 2 अंक हासिल करना उसके लिए बेहद जरूरी था।

मैच के रद्द होने के कारण ग्रुप-डी के समीकरण में भी सस्पेंस बढ़ गया है।

इस ग्रुप में उसके अलावा दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, नीदरलैंड और नेपाल की टीम शामिल है।

आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, टूनामेंट अधिकारियों ने फ्लोरिडा के लॉडरहिल में भारी बारिश और बाढ़ की चेतावनी के बाद यह निर्णय लिया, जहां आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में उनका पहला मैच होना था।

मैच रद्द होने के कारण, श्रीलंका की सुपर आठ चरण में आगे बढ़ने की उम्मीद लगभग खत्म हो चुकी हैं, जबकि नेपाल के क्वालीफिकेशन की संभावना भी कम हैं। फिलहाल टूनामेंट में दोनों टीमें अभी भी अपनी पहली जीत की तलाश में हैं।

वर्तमान में ग्रुप डी में शीर्ष पर चल रहे दक्षिण अफ्रीका ने सुपर आठ में जगह पक्की कर ली है। तीन मैच खेलने के बाद से श्रीलंका के पास केवल एक अंक है, ऐसे में उनका सुपर-8 में पहुंचना आसान नहीं होने वाला।

श्रीलंका अपने अंतिम ग्रुप मैच में 17 जून को नीदरलैंड से भिड़ेगी। जबकि नेपाल को 15 जून को दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा।

दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला महत्वपूर्ण है और यहां हारने का मतलब टूनामेंट में उनका सफर खत्म होना है।

श्रीलंका को अगले चरण के लिए क्वालीफाई करना है तो उसे दुआ करनी होगी कि 13 जून को किंग्सटाउन में बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड मैच भी बारिश के कारण रद्द हो जाए। इसके बाद, उसे अपने अंतिम ग्रुप मैच में नीदरलैंड को हराना होगा। या यूं कह लीजिए टीम का आगे का सफर बाकी टीमों के मुकाबलों पर निर्भर करेगा।

दूसरी ओर, नेपाल तब भी क्वालीफाई कर सकता है, यदि वह अपने अंतिम दो मैचों में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत हासिल कर ले, या नीदरलैंड अपने शेष दोनों मैच हार जाए।

# ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज हेजलवुड ने विश्व कप के प्रारूप पर उठाए सवाल



**एंटीगुआ।** टी20 विश्व कप में इस बार 20 टीम भाग ले रही हैं जिन्हें पांच-पांच टीम के चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सुपर आठ में जगह बनाएंगी जहां इन टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। इनमें से प्रत्येक ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने टी20 विश्व कप के प्रारूप की आलोचना की और सवाल उठाते हुए कहा कि यह अजीबोगरीब है कि उनकी टीम का बेहतर रन रेट सुपर आठ चरण में कोई मायने नहीं रखेगा।

## ऑस्ट्रेलिया ने बनाई सुपर आठ में जगह

ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को नामीबिया को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी जिससे उसका नेट रन रेट प्लस 3.580 पर पहुंच गया। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया ने सुपर आठ में भी अपनी जगह पक्की की। इस बार टी20 विश्व कप का प्रारूप पिछली बार से भिन्न है। पिछली बार चोटी की टीमों ने सुपर 12 चरण से अपने अभियान की शुरूआत की थी। टीमों को छह-छह के दो ग्रुप में बांटा गया था तथा प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी।

## 'इस बार का प्रारूप अजीब है'

हेजलवुड ने नामीबिया के खिलाफ मैच के बाद कहा, यह वास्तव में थोड़ा अजीब है क्योंकि ऐसा होता नहीं है। मैंने जितने विश्व कप खेले हैं उनमें संभवत: यह पहला टी20 विश्व कप है जिसका प्रारूप इस तरह से तैयार किया गया है। इसलिए यह थोड़ा भिन्न है। यह इस तरह का प्रारूप है कि इसमें पहले चरण में आप कितना भी अच्छा प्रदर्शन करो या आप अजेय रहते हुए बेहतर नेट रन रेट के साथ आगे बढ़ो तो भी सुपर आठ में वह खास मायने नहीं रखेगा। इसलिए यह थोड़ा अजीब है लेकिन इसको इसी तरह से तैयार किया गया है।

# टी20 विश्व कप के बीच शार्दुल ठाकुर की हुई सर्जरी



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज और यूएसए में टी20 विश्व कप खेल रही टीम इंडिया के धाकड़ ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की लंदन में पैर की सफल सर्जरी हुई है। शार्दुल ने खुद सोशल मीडिया पर यह जानकारी शेयर की है। इससे पहले, आईपीएल 2019 में लगी चोट के समय भी शार्दुल ने यह सर्जरी करवाई थी। 'इंस्टाग्राम' पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में शार्दुल ठाकुर ने सर्जरी के बाद की अपनी तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, ऑपरेशन सफलतापूर्वक हुआ। वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट के दौरान, ठाकुर को कमर में चोट लग गई थी और हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण वह 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ प्रतिष्ठित लॉर्ड्स टेस्ट से बाहर हो गए थे। इस साल की शुरूआत में, दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टखने की चोट के कारण उन्हें केरल के खिलाफ एक महत्वपूर्ण रणजी ट्रॉफी मैच से भी बाहर होना पड़ा था। इन असफलताओं के बावजूद, शार्दुल ठाकुर ने भारत के प्रमुख प्रथम श्रेणी टूनामेंट, रणजी ट्रॉफी में दमदार वापसी की। आईपीएल 2024 का सीजन शार्दुल ठाकुर के लिए मुश्किल भरा रहा। 9 मैचों में, वह 9.76 की इकॉनमी रेट और 61.80 की औसत के साथ केवल पांच विकेट लेने में सफल रहे, जो उनके जैसे खिलाड़ी के लिए काफी खराब है।

# शाकिब अल हसन को पछाड़कर नंबर-1 टी20 ऑलराउंडर बने मोहम्मद नबी




**दुबई।** टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की मजबूत शुरूआत ने टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग को नया रूप दिया है, जिसमें अनुभवी स्टार मोहम्मद नबी रैंकिंग में नंबर 1 ऑलराउंडर के रूप में शीर्ष पर हैं। गयाना में न्यूजीलैंड के खिलाफ दो विकेट लेने वाले मोहम्मद नबी ने टी20 ऑलराउंडर लिस्ट में नंबर 1 स्थान हासिल किया। दो स्थान की बढ़त हासिल करने वाले नबी ने पिछले शीर्ष स्थान पर काबिज शाकिब अल हसन को पीछे छोड़ दिया, जो इस फेरबदल के बीच पांचवें स्थान पर खिसक गए। ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस ने भी इस बदलाव का फायदा उठाते हुए तीन स्थान की बढ़त के साथ नंबर-2 स्थान हासिल किया। रहमानुल्लाह गुरबाज, जो कि एक खतरनाक ओपनर हैं, टी20 विश्व कप में दो पारियों में 156 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के तौर पर सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनके धमाकेदार प्रदर्शन ने उन्हें टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 12वें स्थान पर पहुंचा दिया है। इस बीच, भारत के सूर्यकुमार यादव ने भी बढ़त बनाए रखी है, जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम तीसरे स्थान पर, इंग्लैंड के जोस बटलर पांचवें स्थान पर और ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड शीर्ष 10 में शामिल हुए हैं। अफगानिस्तान की ताकत गेंदबाजी रैंकिंग में भी झलकती है। हमेशा प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले राशिद खान चार पायदान की बढ़त के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि फजलहक फारूकी के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें छह पायदान ऊपर दक्षिण अफ्रीका के एनरिक के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंचा दिया है। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। मुस्तफिजुर रहमान 10 पायदान की छलांग लगाकर 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि तस्कीन अहमद आठ पायदान ऊपर 19वें स्थान पर हैं। श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद रिशाद हुसैन 24 पायदान ऊपर 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# नामीबिया को हराकर सुपर 8 में पहुंचा ऑस्ट्रेलिया




**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में नामीबिया को 9 विकेट से हराकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के लिए क्वालीफाई किया। ऑस्ट्रेलिया ने सभी विभागों में शानदार प्रदर्शन किया और नामीबिया के 73 रनों के लक्ष्य को छह ओवर में ही हासिल कर लिया। स्पिनर और प्लेयर ऑफ द मैच एडम जाम्पा ने (4-12) विजयी स्पेल के साथ इतिहास रच दिया और 100 टी20 विकेट हासिल करने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई पुरुष खिलाड़ी बन गए। एडम जाम्पा अब मेगन और एलिस पेरी के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शॉर्ट फॉर्मेट में उस मुकाम तक पहुंचने वाले हमवतन खिलाड़ी बन गए। नामीबिया की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 17 ओवर में 72 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने महज 5.4 ओवर में 1 विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। 73 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाजों ने शुरूआत से ही आक्रमण शुरू कर दिया। हालांकि, एक तूफानी पारी के बाद डेविड वॉर्नर 8 गेंदों में 20 रन पर आउट हो गए।

इसके बाद ट्रेविस हेड ने 17 गेंद पर 34 रन और मिचेल मार्श ने 9 गेंद पर 19 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप के सुपर-8 में पहुंचने वाली दूसरी टीम है। दक्षिण अफ्रीका इस स्टेज पर पहले ही पहुंच चुकी है। हेड और मार्श की तेज पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पावरप्ले के अंदर ही रन चेज पूरा कर लिया। यह जीत पुरुषों के टी20 विश्व कप में गेंदों के मामले में किसी भी टीम के लिए जीत का दूसरा सबसे बड़ा अंतर है। इससे पहले, 2014 में नीदरलैंड के खिलाफ श्रीलंका की जीत सबसे बड़ी जीत थी। उसने 90 गेंदें शेष रहते 40 रनों के लक्ष्य का पीछा किया था।

# 10 दुकानों पर मिलेगी कृषि संबंधी सभी दवाइयां

## बीज और खाद का भी कर सकेंगे मोलभाव



**हापुड।** कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना (एग्रीजंक्शन) के तहत जिले में दस दुकानों को शुरू किया जाएगा। इन दुकानों पर कृषि संबंधी सभी दवाइयां, बीज और खाद मिलेंगे। इन दुकानों को संचालन करने के लिए पात्र लोगों को ऋण और लाइसेंस प्रक्रिया पर कई तरह के लाभ दिए गए हैं। इसके लिए विभाग द्वारा आवेदन मांगे गए।

**वन स्टाप शॉप के माध्यम से कराई जाएंगी उपलब्ध**

उप कृषि निदेशक डॉक्टर वीबी द्विवेदी ने बताया कि प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना (एग्रीजंक्शन) वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना का क्रियांवयन किया जाना है। इसके तहत जिले में दस एग्रीजंक्शन कृषि केंद्र (एग्रीजंक्शन) के बैनर तले समस्त सुविधाएं वन स्टाप शॉप के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके तहत कृषि स्नातक, कृषि व्यवसाय प्रबंधन स्नातक, स्नातक जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों, उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशुचिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इसी तरह की गतिविधिया जो किसी राज्य, केंद्रीय विश्वविद्यालय या अन्य विश्वविद्यालयों से डिग्रीधारी है, जो आइसीएआर, यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त हो वह पात्र होंगे।

**इंटर योग्य प्रार्थी पर किया जाएगा विचार**

इसके अतिरिक्त उपरोक्त के उपलब्ध नहीं होने पर अनुभव प्राप्त कृषि डिप्लोमाधारी, कृषि विषय में इंटर योग्य प्रार्थी पर विचार किया जाएगा। आवेदक की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। अनुसूचित जाति, जनजाति महिलाओं को पांच वर्ष की छूट अधिकतम जिनकी जन्मतिथि पहले है, उन्हें वरीयता दी जाएगी।

# मनोज कुमार बने निरीक्षक, अधिकारियों ने लगाए स्टार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस विभाग में बीते दिनों प्रदेशभर में दो दर्जन से अधिक उपनिरीक्षक पदोन्नति के बाद निरीक्षक बनाए गए हैं। इसी कड़ी में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तैनात उपनिरीक्षक मनोज कुमार पदोन्नति होने के बाद निरीक्षक बन गए हैं। बुधवार को उनको निरीक्षक बनने पर एडिशनल सीपी स्तर के अधिकारियों ने जहां शुभकामनाएं दी। तो वहीं एडीसीपी, साहिबाबाद एसीपी रजनीश उपाध्याय व आईपीएस सुमित रामटेके ने मनोज कुमार के पदोन्नति होने पर स्टार लगाकर उनको बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी। मनोज कुमार इससे पहले वेव सिटी थानाध्यक्ष भी रह चुके हैं।



# 'ओ' लेवल एवं सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना ऑनलाइन संचालित

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश शासन, पिछड़ा वर्ग कल्याण दिनांक 27 फरवरी, 2018 के द्वारा पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए संचालित 'ओ' लेवल एवं सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु आनलाइन संचालित की जा रही है।

वर्ष 2024-25 में इस योजना के अन्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था- नीलिट से मान्यता प्राप्त एवं जनपद में कार्यरत इच्छुक संस्थाओं द्वारा एन०आई०सी० द्वारा बनाये गये विभागीय बेबसाइट http://backwardwelfareup.gov.in पर दिये गये लिंक एवं obccomputertraining.upsdc.gov.in से निर्धारित प्रारुप पर दिनांक 08.06.2024 से 21.06.2024 तक आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इस हेतु दिशा-निर्देश / समय सारणी उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दी गयी है।

# नौकरी का झांसा देकर आठ लाख ठगे, एक आरोपी गिरफ्तार




**लोनी (करंट क्राइम)।** पुलिस ने युवक से नौकरी दिलाने के नाम पर आठ लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

जबकि उसके दो साथी फरार हैं। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि अंकुर विहार थाने की गंगा विहार कॉलोनी निवासी सूरज को कॉलोनी के ही दीनदयाल शर्मा उर्फ डीडी शर्मा, विजय कुमार उर्फ राज तथा ओपी शर्मा ने सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर आठ लाख रुपए ठग लिए थे। आरोपियों ने सूरज को फर्जी ज्यानिंग लेटर भी थमा दिया था, लेकिन जब वह ज्यानिंग करने पहुंचा तो उसने अपने साथ हुई धोखाधडी का पता चला। पीडित गत तीन वर्षों से आरोपियों से पैसे वापस मांग रहा था, लेकिन वह उसे टरकाते आ रहे थे। जिसके बाद 30 मार्च को सूरज ने आरोपियों के विरुद्ध धोखाधडी की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। गुरूवार को पुलिस ने डीडी शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि उसके दो साथी फरार है।




### उससे कहना हमने नही किया काम हमारा लिख लेगा वो बागियों में नाम

जीतने के बाद जश्न होना चाहिये लेकिन फ्लावर खेमें में बदले की फॉयर जल रही है। तीन लाख प्लस से जीतने वाले अब विपक्षी के खिलाफ तीन मुकदमें दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं। जीत के बाद देवतुल्य कार्यकर्ताओं का आभार होना चाहिये तो वहां उनकी लिस्ट बन रही है जिन्होने चुनाव दूसरें को लड़ाया या चुनाव में काम नही किया। फायरब्रांड पुराने फूल ने कहा कि पार्टी हमें वेतन नही दे रही है और ना ही हम किसी के वेतनभोगी हैं। उनकी नालेज के लिये बता दें कि हम कालेज के वर्कर भी नही हैं। अब जो जुबान से निकला उसका लावा बहुत गर्म हैं लेकिन सार ये है कि पुराने भाजपाई ने कह दिया कि वो जो लिस्ट बना रहा है उससे कहना कि हमारा भी नाम फूल बागियों में लिख लेगा। उसके बस का हो तो वो चालीस क्या चार को ही निष्कासित करा कर दिखा दें। रही बात लिस्ट की तो वो एक बार अपनी लिस्ट के नाम बता दें बाकि के हम गिना देगें

### वो करें तो सही एफआईआर हम हैं आक्रमण के लिये पूरी तरह से तैयार

देवतुल्य कार्यकर्ताओं के आभार के बाद अब एफआईआर की बातें सुनाई दे रही हैं। लेकिन फूल वाले जिस मामले को तूल दे रहे हैं हाथ वाले भी उसे पूरा बबूल बनाने के लिये तैयार हैं। वो लोकतंत्र में इसे शहादत का तमगा देने की तैयारी में हैं। सुना है कि वो इस मुददे को लेकर आंदोलन की रणनीति बना चुके हैं। कहने वाले कह रहे हैं कि बेहतर होगा कि फ्लावर वाले इस मामलें में सीज फॉयर कर दें। कहने वाले ने कहा कि सलाहकार का काम सही राय देना होता है ना कि सियासत का रायता फैलाना। बाकी तो फिर जो होगा उसका तमाशा देखने को फूल वाले भी बेताब हैं और हाथ वाले भी।

### यूनियन एज बताने वाले खुद ही साईलेंट मोड पर आ गये ध्वज प्रणाम वाले

लोकतंत्र में जब सरकार आती हैं तो इसकी खुशी दल के हर उस घटक को होती है जिसने अपना योगदान दिया है। बाबा सरकार आई तो इसकी खुशी उनके लहजों में आ गई थी जो आम तौर पर साइलेंट रहते हैं। पहली सरकार में ध्वज प्रणाम वाले भी सियासी महफिलों में दिखाई देने लगे थे। परिचय होता था तो सामने वाले की यूनियन एज पूछते थे और अपनी यूनियन एज बताते थे। फिर शस्त्रीनगर में पथ पर ऐसे गुथमगुथ हुये कि अपनी सरकार में पिटे भी और एफआईआर का सीन भी हो गया। सितम ये हुया कि फैसला करना पड़ गया। कहने वाले ने कहा कि पता नही क्या हुया क्या नही कि यूनियन एज बताने वाले खुद ही साईलेंट मोड पर आ गये ध्वज प्रणाम वाले।

# दंबगों ने सरिया मारकर युवती का सिर फोड़ा, रिपोर्ट दर्ज, दो गिरफ्तार




**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के गांव खिमावती में गाली देने का विरोध करना एक परिवार को काफी महंगा पड़ा। दंबगों ने सरिया मारकर एक युवती का सिर फोड दिया। गंभीर हालात में युवती को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गांव खिमावती निवासी वहीद परिवार सहित रहते है। मंगलवार रात को वहीद अपनी भतीजी तानिया के साथ अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। इसी बीच पड़ोस में रहने वाले मोनू पाल शराब पीकर अपने मकान की छत पर चढ़कर गंदी गंदी गाली दे रहा था। वहीद ने गाली देने से इंकार किया तो वह भड़क गए। इसके बाद मोनू पाल अपने साथी कुलदीप के साथ सरिया लेकर नीचे आ गया और वहीद के साथ मारपीट करने लगा। इसी बीच मोनू ने वहीद पर सरिया से वार किया तो अपने ताऊ को बचाने के लिए युवती आ गई। सरिया युवती के सिर में जा लगा। जिस कारण वह गंभीर रुप से घायल हो गई। गंभीर हालात में युवती को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अलग अलग समुदाय का मामला होने के कारण गांव में तनाव बना हुआ है। इस संबंध में गुलजार ने थाने में तहरीर दी है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मोनू पाल व कुलदीप निवासी खिमावती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दोनों को गिरप्तार कर चालान कर दिया गया है।

# बुलंदी साहित्य सेवा समिति ने उत्तराखंड संस्कृति महोत्सव एवं कवि सम्मेलन का किया आयोजन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति पंजीकृत अंतरराष्ट्रीय स्तर के तत्वावधान में अटल उत्कृष्ट रा.ई. कालेज गोपेश्वर में उत्तराखंड संस्कृति महोत्सव एवं कवि सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि चंद्रकला तिवारी, विशिष्ट अतिथि चंद्र शेखर तिवारी, ऊषा रावत और अतिथि गण (यूथ आई कॉन) अनूप पुरोहित अकोला रहे। जिनके द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बुलंदी संस्था के मीडिया प्रभारी वरिष्ठ साहित्यकार नागेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम का संयोजन बुलंदी की गढ़वाल मंडल प्रभारी सुरभि खनेडा द्वारा किया गया एवं संचालन श्रुति तिवारी एवं अक्षिता रावत द्वारा किया गया जिसमें सम्मानित साहित्यकारों द्वारा अपनी उत्कृष्ट रचनाओं की प्रस्तुति दी गई। सन्नू नेगी (गोचर) पुष्पा कनवासी (राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित) भगत राणा, दीप लता झिंक्वाण, प्रियंका शाह, आयुष, वंश सभी ने मंच को सुशोभित किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम में गोपीनाथ संगीत शाला गोपेश्वर द्वारा शास्त्रीय नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति दी गई। तीलू रौतेली ग्रुप द्वारा लोक नृत्य एवं अमृता ठाकुर द्वारा मंगल गीत, लक्ष्मी शास्त्रीय नृत्य की सुन्दर और मनमोहक प्रस्तुति दी गई। बताते चलें बुलंदी साहित्य सेवा समिति ने विगत चार वर्षों से साहित्य जगत में अपना परचम लहरा रखा है। बुलंदी संस्था द्वारा वर्ष 2021 में 207 घंटे, वर्ष 2022 में 400 घंटे एवं 2024 में 270 घंटे का अनवरत वर्च्युअल कवि सम्मेलन आयोजित कर तीन बार वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है। यह रिकार्ड इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड एवं हॉवर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड लंदन में दर्ज किया गया है। यह अटूट वर्ल्ड रिकॉर्ड आज तक बुलंदी संस्था के नाम है, साथ ही बुलंदी संस्था द्वारा हिंदी दिवस पर दस दिवसीय आयोजन श्रृंखला में मॉरीशस में धरातलीय आयोजन किया गया था। बुलंदी संस्था बाजपुर उत्तराखंड से संचालित होती है इसके संस्थापक अंतरराष्ट्रीय कवि विवेक बादल बाजपुरी हैं एवं संरक्षक अंतरराष्ट्रीय कवि पंकज प्रकाश हैं।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**लोनी (करंट क्राइम)।** बेहटा हाल्ट के पास रात एक बजे करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक की दिल्ली से सहारनपुर जा रही ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। ट्रेन चालक ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। जिसके बाद स्टेशन मास्टर ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है कि मृतक की शिनाख्त नही हो पाई है। शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

### दबंग किराएदार ने मकान मालकिन के साथ की मारपीट

**लोनी करंट क्राइम।** मकान खाली कराने की मांग करने पर दबंग किराएदार ने मकान मालकिन और उसके परिजनों के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि किराएदार मकान खाली करने की एवज में 50 लाख रुपए की मांग कर रहा है। पीडिता ने आरोपी के खिलाफ लोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी थाने की गिरी मार्किट कॉलोनी निवासी राजवती ने बताया कि उसने करण सिंह को अपना मकान किराए पर दिया हुआ है। आरोप है कि करण सिंह अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है तथा गैंगस्टर है। वह पांच माह से जिलाबदर है। उसने करणसिंह से मकान खाली करने को कहा तो वह आग बबूला हो गया तथा अपने परिजनों के साथ जबरन उनके घर में घुस आया तथा उनके तथा परिजनों के साथ मारपीट की। जबकि अपने परिजनों को उनके विरुद्ध फर्जी मुकदमा दर्ज कराने के लिए भड़का रहा है। मकान खाली करने की एवज में 50 लाख रुपए की मांग कर रहा है तथा उन्हे परिजनों सहित जान से मारने की धमकी दे।

### दो वर्ष युवती के साथ रहने के बाद शादी से किया इंकार

**लोनी करंट क्राइम।** एक युवती का आरोप है कि वह दो वर्ष से पडोस में रहने वाले युवक के साथ रह रही है, लेकिन अब युवक उसके साथ शादी से इंकार कर रहा है तथा दूसरी महिला के साथ शादी कर रहा है। पीडिता ने युवक पर मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। लोनी थाने की अशोक विहार कॉलोनी में रहने वाली एक युवती का आरोप है कि वह गत दो वर्षों से पडोस में रहने वाले बिलाल के साथ रह रही है, लेकिन अब बिलाल उसके साथ शादी करने से इंकार कर रहा है तथा दूसरी महिला से शादी कर रहा है। वह विरोध करने पहुंची तो उसके साथ गाली गलौच और मारपीट की।

### रेत खनन हिंडन नदी से कराया बंद, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के गांव सुराना स्थित हिंडन नदी में रेत माफियाओं द्वारा खनन करने का मामला सामने आया है। तहसीलदार व राजस्व टीम ने छापा मारकर खनन बंद करा दिया गया। लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। गांव सुराना स्थित हिंडन नदी में रेत का खनन होने की सूचना लगातार मिल रही थी।

सूचना के आधार पर तहसीलदार ने राजस्व टीम के साथ गांव सुराना स्थित हिंडन नदी पर जब छापा मारा तो खनन होता हुआ पाया गया। हिंडन नदी पर मांझे से ट्रॉली मे रेत भरा जा रहा था। गांव सुराना निवासी कुलदीप खनन करा रहा था। वह नदी से रेत का खनन करके उसे बाजार में बेच रहा था। लेखपाल सतनदेव ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने कुलदीप निवासी गांव सुराना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2024 को मनाया जाएगा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 को मनाया जाएगा इसके व्यापक प्रचार हेतु 15 जून, 2024 से 21 जून, 2024 तक योग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। प्रथम दिन कलेक्ट्रेट कैंपस में प्रातः 6:00 बजे से योग सप्ताह प्रारंभ होगा 21 जून, 2024 को रामलीला मैदान कवि नगर में समापन होगा। इस संदर्भ में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद की अध्यक्षता में बैठक की गई जिसमें अधिकारियों को योग सप्ताह एवं योग दिवस हेतु दिशा निर्देशित किया गया।

# गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध 25 हजार का ईनामी गिरफ्तार

**लोनी (करंट क्राइम)।** पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार के ईनामी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी ने अपना गैंग बनाया हुआ है। यह गैंग वाहन चोरी में संलिप्त था तथा कई बार वाहन चोरी के मामलों में जेल जा चुका है।

एसीपी सूर्यबली ने बताया कि बुधवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान लोनी तिराहे के पास से साहिल निवासी दो नम्बर बस स्टैंड लोनी को गिरफ्तार किया है। आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है तथा अपना एक संगठित गिरोह बनाया हुआ है।

यह गिरोह वाहन चोरी जैसे अपराधों को अंजाम देता है। आरोपी थाना लोनी से कई वाहन चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। जबकि इसके साथियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आरोपी गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध था तथा इसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार का ईनाम घोषित था।

# अतिथि प्रवक्ता / व्याख्याताओं एवं विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कार्यालय ज़िला समाज कल्याण अधिकारी, गाज़ियाबाद अमर जीत सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि शासनादेश अनुसार मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का विस्तार करते हुये प्राप्त शासनादेश अनुसार योजना संचालन हेतु दिशा निर्देश एवं गाइड लाईन निर्गत किये गये है। उपरोक्त के क्रम में जनपद में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र/छात्राओं हेतु यू०पी०एस०सी०, नीट एवं जे०ई०ई० की कक्षाये वित्तीय वर्ष 2024-25 में 01 जुलाई 2024 से संचालित की जानी है। कोर्स के अनुसार अध्यापन कार्य हेतु अतिथि प्रवक्ता / व्यख्याताओं एवं विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता है। जिसमें कोर्स यू०पी०एस०सी०/यू०पी०पी०सी०एस० हेतु विषयों में इतिहास- प्राचीन इतिहास, मध्यकालीन इतिहास, आधुनिक इतिहास, आर्ट एवं कल्चर, भुगोल, भारतीय राज व्यवस्था, अर्थशास्त्र, अंतराष्ट्रीय सम्बन्ध, आंतरिक सुरक्षा, नैतिक शास्त्र, पर्यावरण एवं आपदा प्रबन्धन, विज्ञान, उत्तर प्रदेश विशेष तथ्य, समसामायिकी, सीसैट, भौतिक विज्ञान और कोर्स नीट/जे०ई०ई० हेतु विषयों में भौतिक विज्ञान, गणित, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान हैं।

**व्याख्याताओं को प्रति व्याख्यान किया जायेगा भुगतान**

**करंट क्राइम।** योजनान्तर्गत यू०पी०एस०सी०, जे०ई०ई० एवं नीट की कोचिंग हेतु योग्य अनुभवी एवं प्रोफेशनल व्याख्याताओं की सेवाये चयन समिति की अनुशंसा से परीक्षण व्याख्यान / ट्रायल लेक्चर के उपरान्त जिला समिति द्वारा सूचीबद्ध किया जायेगा। व्याख्याताओं को प्रति व्याख्यान 2000/- कार्मिक अनुभाग के शासनादेश दिनांक 03.09.2014 के अनुरूप मानदेय का भुगतान किया जायेगा। एक व्याख्यान की अवधि 90 मिनट होगी। एक अतिथि प्रवक्ता को प्रतिमाह अधिकतम 30 व्याख्यान तक अनुमन्य होंगे। उपरोक्त प्रतियोगी परीक्षाओं में अध्यापन कार्य हेतु इच्छुक विषय विशेषज्ञ अपना आवेदन पत्र/सी०वी०, अनुभव प्रमाण पत्र एवं सुसंगत शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 20.06.2024 तक कक्ष संख्या 110-111, कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, गाज़ियाबाद विकास भवन, गाज़ियाबाद में कार्य दिवस में प्रात: 10 :00 से सायं 05 :00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है, साथ ही उपरोक्त विषयक जानकारी हेतु योजना के कोर्स को-आर्डिनेटर श्री अविनाश, मोबाइल नम्बर-9910283110 से सम्पर्क कर सकते है।




## किस टू-स्टार का रहता है प्रॉपर्टी विवादों में ध्यान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में लगातार खाकी वालों पर आरोप और प्रत्यारोप का सिलसिला चल रहा है। तो इसी बीच सुनने में आ रहा है कि सिटी जोन में एक टू-स्टार के कारनामे में भी जमकर गूंज रहे हैं। सुनने में आया है कि एक ऐसा भी टू-स्टार है जो केवल प्रॉपर्टी विवाद में घिरा रहता है। नदी से सटे वाले थानाक्षेत्र की गजब चौकी में उसकी पोस्टिंग है। सूत्र बताते हैं की प्रॉपर्टी के मामलों में चौकी प्रभारी का इतना ज्यादा हस्तक्षेप रहता है कि वह अपने सर्किल और जोन वाले अधिकारियों की भी नहीं सुनता है और कागजी जोड़तोड़ में भी माहिर बताया जाता है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बताते हैं कि दबंग अंदाज के साथ ही जुगाड़ तंत्र में लगे रहने वाले टू-स्टार पर किसी खास का हाथ है या वो कोई अन्य जुगाड़ रखता है इसकी भी उनके बैच के पुलिसकर्मियों के बीच चर्चा रहती है। वहीं सुनने में तो यहां तक आ रहा है कि रूटीन चेकिंग और मामलों के निस्तारण से ज्यादा प्रॉपर्टी वाले मामलों में ध्यान देना टू-स्टार की आदत में शुमार है। कमिश्नरेट वाले सूत्रों ने बताया है कि पहले भी जिस चौकी पर यह टू- स्टार रहा है, वहां ऐसे ही मामलों का बोलबाला रहता था। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से इस क्षेत्र की शिकायतें जोन वाले अधिकारी तक पहुंच रहीं हैं, आने वाले दिनों में टू-स्टार का विकेट गिर सकता है। वैसे भी इस थाना क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से ग्रह नक्षत्र खराब चल रहे हैं। कभी लूट की वारदात हो जाती है तो कभी रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन वाले विवाद पुलिस के अधिकारियों के लिए सिर दर्द बन जाते हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र यह जानकारी दे रहे हैं कि अगर जल्द ही सिटी जोन की कोई टू-स्टार वाली लिस्ट आएगी तो उसमें कुछ नाम परिवर्तन के रूप में शामिल किए जाएंगे। सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में 20 जून के बाद कुछ बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। फिलहाल अभी वाद, विवाद और संवाद से बात संभालने के प्रयास हो रहे हैं लेकिन मौजूदा जो स्थिति बन रही है वह बता रही है कि आने वाले दिनों में कमिश्नरेट सिस्टम में भी कुछ बड़ा एक्शन होने वाला है। कुल मिलाकर विभाग वाले ही बता रहे हैं कि आजकल टू-स्टार बहुत ही ज्यादा बेलगाम हो रहे हैं। जिसका सीधा असर पुलिसिंग के साथ ही क्राइम कंट्रोल में भी देखने को मिल रहा है।



# मुखबिर की सूचना पर टीला मोड़ थाना पुलिस ने घर में चोरी करने वाले चोर को किया गिरफ्तार

**चुराए गए गहने व नगदी बरामद पुलिस ने भेजा जेल**



**लोनी (करंट क्राइम)।** टीला मोड़ थाना पुलिस ने घरों में चोरी करने बाला शातिर चोर को मय चोरी के सामान व चुराई गई नगदी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि 7 जून को गरिमा गर्डन की रहने वाली एक महिला ने बताया था कि उसके घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात व लगभग 3300 रुपए चुरा लिए गए हैं महिला ने चोर के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोर को पकड़ने के लिए कई तकनीकी प्रक्रियाओं से जांच कर रही थी की सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर की सूचना पर बुधवार को पुलिस टीम ने चोर को गिरफ्तार कर लिया है चोर का नाम सोहेल पुत्र तोहिद है। पुलिस ने वैधानिक करवाई कर चोर को जेल भेज दिया है। चोर से चुराए गए गहने व नगदी बरामद हो गई है।

# जे.एम.एस. इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद में अड़ानी सीमेंट द्वारा प्लेसमेंट संपन्न







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जे.एम.एस. इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद (पूर्व नाम भगवती इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस) में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के शत प्रतिशत प्लेसमेंट के लिए संकल्पित संस्थान ने एक और महत्वपूर्ण प्लेसमेंट ड्राइव संपन्न कराई। संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) अनिरुद्ध विश्वास की देखरेख में अड़ानी सीमेंट कंपनी ने बी.टेक और पॉलीटेक्निक सिविल इंजीनियरिंग के 16 विद्यार्थियों का चयन किया। इस पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 50 छात्रों ने लिखित परीक्षा पास कर साक्षात्कार दिया। संस्था के सचिव डॉ. हिमांशु सिंहल जी ने बताया की कंपनी के तकनीकी सर्विस इंजीनियर अवनीश कुमार, दिव्यांश शर्मा व अभिषेक शर्मा ने आवेदकों की लिखित परीक्षा व साक्षात्कार लिया। कंपनी ने विश्लेषण कर अपने अंतिम निर्णय के अनुसार 16 छात्र-छात्राओं का चयन पत्र संस्थान को प्रेषित किया है। इन छात्र-छात्राओं का चयन ग्राहक सेवा अधिकारी पद पर हुआ, जिनका वेतनमान 3.12 लाख प्रति वर्ष कंपनी ने तय किया है। इस प्लेसमेंट ड्राइव की सफलता पर संस्थान के सचिव व निदेशक महोदय ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हैड मिस तनवी गौर व उनकी टीम को बधाई, तथा चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

# कुवैत की इमारत में लगी भीषण आग, 41 लोगों की मौत

**कुवैत।** दक्षिणी कुवैत की एक बिल्डिंग में लगी भीषण आग में 40 भारतीयों की मौत हो गई। इस भीषण अग्निकांड में बिल्डिंग पूरी तरह से तबाह हो गई। बताया जा रहा है कि जिस बिल्डिंग में आग लगी उसमें मजदूर रहते थे। अग्निकांड की घटना बुधवार सुबह को हुई। कुवैती सरकार ने इस भीषण अग्निकांड के लिए रियल एस्टेट ऑनर को जिम्मेदार ठहराया है। कुना न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, इस दर्दनाक घटना में 15 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। वहीं, दर्जनों अन्य को सुरक्षित बचाने में सफलता मिली है।




## भारतीय दूतावास ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने इसे लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। दूतावास का कहना है कि इस अग्निकांड में भारतीयों की मौत के संबंध में जानकारी हासिल करने के लिए +965-65505246 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। दूतावास की तरफ से हर संभव मदद का एलान किया गया है।

जानकारी के अनुसार, भीषण अग्निकांड की यह घटना दक्षिणी कुवैत के मंजफ शहर में हुई। बुधवार को लगी आग की चपेट में आने से 41 लोगों की मौत हो गई। कुवैत के उपप्रधानमंत्री शेख फहद यूसुफ सौद अल-सबाह ने घटनास्थल का दौरा कर घटना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इस भीषण अग्निकांड के लिए रियल एस्टेट ऑनर को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट ऑनर की लालच की वजह से यह भयावह घटना घटित हुई है। डिप्टी पीएम शेख फहद के पास गृह विभाग के साथ ही रक्षा मंत्रालय की भी जिम्मेदारी है।

### मरने वालों में 4 भारतीय, दर्जनों घायल

भीषण अग्निकांड में 41 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में 4 भारतीय भी शामिल हैं। कुवैत की सरकारी टीवी ने बताया कि जिस बिल्डिंग में आग लगी उसमें बड़ी तादाद में मजदूर रहते थे। बिल्डिंग से बड़ी संख्या में लोगों को बाहर निकाला गया, लेकिन धुएं और आग से घिर जाने की वजह से लोगों की दम घुटने और झुलसने से मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और आग लगने की घटना की छानबीन की जा रही है। वहीं, कुवैत में भारत के राजदूत आदर्श स्वैका ने अल-अदन अस्पताल का दौरा किया है। इस अस्पताल में अग्निकांड में घायल 30 भारतीय मजदूर भर्ती हैं। अस्पताल प्रबंधन ने सभी घायलों की स्थिति स्थिर बताई है। भारतीय राजदूत ने सभी घायलों को हर तरह की मदद का भरोसा दिलाया है।

**घायलों का हाल जानने पहुंचे भारतीय राजदूत :** दक्षिणी कुवैत के मंजफ शहर में भीषण आग लगने की घटना पर विदेश मंत्री एस। जयशंकर ने पहली प्रतिक्रिया दी है। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, कुवैत के शहर में भीषण अग्निकांड से हमें गहरा आघात लगा है। रिपोर्ट के अनुसार, 40 से ज्यादा लोगों की मौत हुई और 50 से ज्यादा लोग घायल हैं। हमारे राजदूत कैंप में पहुंचे हैं। हमें विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

**कैसे लगी इमारत में आग? :** बताया गया है कि बुधवार सुबह 4.30 बजे इमारत में स्थित मजदूरों के शिविर की रसोई में आग लग गई थी। सूत्रों का कहना है कि लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया।



जो लोग आग की लपटें देखकर इमारत से बाहर निकले, उनमें से कुछ लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा धुएं में दम घुटने की वजह से कुछ लोगों की मौत हो गई। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि आग में घायल हुए कई लोगों को अदन, जाबेर और मुबारक अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अधिकारियों को आग लगने की सूचना स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजे दी गई। जिस इमारत में आग लगी, वहां बड़ी संख्या में मजदूर रहते थे। इस हादसे में कई लोगों को बचाया गया, लेकिन, आग और धुएं के कारण कई लोगों की मौत हो गई।

### सख्त कार्रवाई के आदेश

इस हादसे के बाद कुवैत के आंतरिक मामलों के मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबा ने हादसे के कारणों का पता लगाने और सख्त से सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

### इमारत के मालिक को गिरफ्तार करने के आदेश

कुवैत के आंतरिक मामलों के मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबा ने पुलिस को मंगफ स्थित इमारत के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा है कि इस हादसे के जिम्मेदार कंपनी और बिल्डिंग के मालिक हैं। उन्होंने कुवैत प्रशासन और नगर पालिका को इस मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



### विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जताया दुख



भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा ह्यकुवैत में आग की घटना से आहत हूं। इस घटना में 40 लोगों की मौत और 50 लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की खबर है। हमारे राजदूत शिविर में गये हैं। हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं ह्व विदेश मंत्री ने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने आशा जताई है कि जो लोग घायल हुए हैं वे जल्द ही पूर्ण स्वस्थ होंगे।बता दें कि कुवैत में करीब 10 लाख भारतीय रहते हैं, जिनमें से करीब 9 लाख भारतीय वहां काम करते हैं।




'योग दुनिया के लिए भारत के सबसे बड़े उपहारों में से'

## नॉर्वे की राजदूत ने की पीएम मोदी के कदम की सराहना

**ओस्लो।** योगा ही है जो स्वस्थ जीवन जीने का प्रमुख आधार है। भारत तो आदिकाल से प्रकृति की इस खूबी से परिचित था, लेकिन 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे एक मिशन बना दिया। उनके प्रयासों के कारण ही अब 21 जून को हर साल अंतरराष्टीय योग दिवस मनाया जाता है। उन्होंने न सिर्फ देशवासियों को बल्कि दुनिया भर के लाखों लोगों को योग करने के लिए प्रेरित किया। इसी को लेकर नॉर्वे की राजदूत मेय एलिन स्टीनर ने भारत की सराहना की है। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया को सबसे बड़ा उपहार दिया है वो है योग।

### पीएम मोदी का पोस्ट

दरअसल, पीएम मोदी ने हाल ही में सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा था कि अब से 10 दिन बाद दुनिया योग के 10वें अंतर्राष्ट्रीय दिवस को मनाने के लिए तैयार है। योग ने सांस्कृतिक और भौगोलिक सीमाओं को पार कर लिया है, समग्र कल्याण की खोज में दुनिया भर में लाखों लोगों को एकजुट किया है।

### राजदूत ने दिया यह जवाब

राजदूत स्टीनर ने पीएम के इसी पोस्ट का जवाब देते हुए यह बात कही। साथ ही उन्होंने योगा करते हुए अपनी तस्वीरें और वीडियो भी साझा किया। उन्होंने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूरी तरह सहमत हूं। योग दुनिया के लिए भारत के सबसे बड़े उपहारों में से एक है। जब संयुक्त राष्ट्र संघ ने योग को लेकर बढ़ावा दिया तो मैंने शीर्षासन करने का लक्ष्य रखा। क्या आप मेरे साथ हो? यह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है, तो चलो योग चैलेंज करते हैं!'

पीएम मोदी ने मंगलवार को लोगों से योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का आह्वान किया। उन्होंने एक्स पर विभिन्न आसनों का वीडियो भी साझा किया। इस वीडियो में योग के लाभ बताए गए हैं।

### संयुक्त राष्ट्र महासभा में पीएम ने दिया था प्रस्ताव

27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिए अपने संबोधन में पीएम नरेंद्र मोदी ने 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव दिया था। पीएम मोदी ने कहा था कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य है।

पीएम मोदी के इटली दौरे से पहले खालिस्तानी चरमपंथियों की शर्मनाक हरकत

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तोड़ी

### दोषियों के खिलाफ इटली ने कार्रवाई शुरू की

**रोम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इटली दौरे से पहले एक शर्मनाक घटना सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार को खालिस्तानी चरमपंथियों ने उद्घाटन के कुछ ही देर बाद ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तोड़ी गई। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक घटनास्थल को तत्काल साफ किया गया।

इस मामले को लेकर विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा, हमने रिपोर्ट्स देखी हैं। भारत ने महात्मा गांधी की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाए जाने का मामला इटली के अधिकारियों के सामने उठाया है। गांधी जी की प्रतिमा को ठीक कर दिया गया है। इस मामले में इटली के अधिकारियों के साथ बातचीत हुई है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी आज रवाना होंगे। तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री बनने के बाद उनकी यह पहली विदेश यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा उन्हें वैश्विक दक्षिण के मुद्दों को उठाने और विश्व नेताओं के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा।

जी-7 शिखर सम्मेलन 13 से 15 जून तक आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन से पहले महात्मा गांधी की प्रतिमा को तोड़ने वाले दोषियों के खिलाफ इटली ने कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रमिता को नुकसान पहुंचाने की घटना को पुलिस काफी गंभीरता से ले रही है। शिखर सम्मेलन से पहले इटली में सुरक्षा को कड़ा कर दिया गया है।

## जी-7 सम्मेलन में रूस पर नए प्रतिबंध लगाएगा अमेरिका

### किर्बी बोले- यूक्रेन को लाभ पहुंचाना उद्देश्य

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने और यूक्रेन को फायदा पहुंचाने की तैयारी कर ली है। इस सप्ताह इटली में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में अमेरिका रूस पर नए प्रतिबंधों की घोषणा करेगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि सम्मेलन में यूक्रेन पर मॉस्को के आक्रमण के कारण नए प्रतिबंधों और निर्यात की नियंत्रणों की भी घोषणा की जाएगी।

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता की। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि यूक्रेन को लाभ पहुंचाने के लिए अमेरिका रूस की जब्त संपत्तियों के उपयोग के लिए नए कदमों की घोषणा करेगा। कहा, जी-7 सम्मेलन के दौरान रूसी केंद्रीय बैंक की 300 बिलियन यूरो (325 बिलियन डॉलर) की



परिसंपत्तियों पर ब्याज से होने वाले लाभ का उपयोग कीव की मदद करने के लिए समझौता किया जाएगा। उन्हें आशा है कि जी-7 के नेता इस समझौते के लिए सहमत हो जाएंगे।

### ऋण कौन जारी करेगा, इस बात पर चल रही बहस

किर्बी ने कहा कि इस बात पर विचार किया जा रहा है कि 50 बिलियन डॉलर तक के ऋण के लिए संपाश्विक (ऋणदाता को पुनर्भुगतान की गारंटी के रूप में प्रदान की गई कोई चीज) के रूप में उपयोग किया जाए। हालांकि अभी इस बात पर बहस चल रही है कि ऋण कौन जारी करेगा। उन्होंने कहा कि नए प्रतिबंधों और निर्यात नियंत्रण की कार्रवाईयों का एक प्रभावशाली सेट घोषित किया जाएगा।

वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की गुरुवार को रूस-यूक्रेन युद्ध पर एक चर्चा में भाग लेंगे। इस दौरान वह पश्चिमी सहयोगियों से यूक्रेन के लिए और अधिक मदद के लिए दबाव डालेंगे।

बता दें कि रूस-यूक्रेन युद्ध को तीसरा साल लग चुका है। 24 फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर हमले शुरू किए थे। जिसके बाद से दोनों देशों में जंग जारी है।

अवैध हथियार मामले में बेटे के दोषी पाए जाने पर बाइडन बोले-

## न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करेंगे

**वाशिंगटन।** अपने बेटे हंटर को अवैध हथियार खरीदने मामले में दोषी पाए जाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा है कि वह न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करेंगे। बाइडन का बेटा हंटर पहले एक ड्रग एडिक्ट भी था।



**राष्ट्रपति होने के साथ ही मैं एक पिता हूं- बाइडन :** बाइडन ने बयान देते हुए कहा, ह्यमैं राष्ट्रपति हूं लेकिन इसके साथ एक पिता भी हूं। कई परिवार जिनके प्रियजन नशे की लत से जूझ रहे हैं। वो लोग इस भावना को समझ सकते हैं कि नशे की लत से बाहर आना और फिर मजबूती के साथ उबरना क्या होता है।

बाइडन ने आगे कहा, जो कुछ भी इस केस में परिणाम आएगा मैं न्यायिक प्रक्रिया का पूरा सम्मान करूंगा।'

**दो मामलों में दोषी पाए गए हंटर बाइडन :** हंटर बाइडन के खिलाफ नशीले पदार्थों का सेवन करते हुए बंदूक रखने से जुड़े तीन मामलों में सुनवाई चल रही थी। हंटर ने ज्यूरी के सामने खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश की थी। अमेरिका की विलमिंगटन, डेलावेयर, संघीय अदालत ने उन्हें दो मामलों में दोषी करार दिया है। संघीय अदालत की 12 सदस्यीय ज्यूरी ने सर्वसम्मति से यह फैसला सुनाया। अमेरिका में ऐसा पहली बार हुआ है, जब मौजूदा राष्ट्रपति के बेटे को किसी अपराध में दोषी पाया गया है। खास तौर पर अमेरिका में चुनाव से ठीक पहले हंटर बाइडन को दोषी करार दिया जाना उनके पिता जो बाइडन की मुश्किलें बढ़ा सकता है।

**हंटर बाइडन पर कौन-कौन से आरोप लगाए गए थे? :** हंटर बाइडन को दो मामलों में दोषी ठहराया गया है। पहले मामले में उन पर आरोप था कि उन्होंने एक फॉर्म में झूठी जानकारी देकर कोल्ट कोबरा रिवॉल्वर खरीदी।

## ब्रिक्स : विदेश मंत्रियों की बैठक में आतंक पर शून्य सहिष्णुता का आह्वान, दोहरे मापदंड खारिज

**मास्को।** ब्रिक्स देशों के समूह के विदेश मंत्रियों ने आतंक पर शून्य सहिष्णुता का आह्वान करते हुए इसकी निंदा की। इस दौरान सीमा पार आतंकवाद और इसके सभी रूपों से लड़ने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि भी की गई। बैठक में आतंकवाद के वित्तपोषण और सुरक्षित पनाहगाहों को भी समाप्त करने के उपाय तेज करने का भी फैसला किया गया। ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों का दो दिवसीय सम्मेलन सोमवार को रूस के निझनी नोवगोरोद में शुरू हुआ था।

इसमें इसके 10 सदस्य ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, ईरान, यूएई, सऊदी अरब और इथियोपिया भाग ले रहे हैं। विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने बैठक में भारतीय पक्ष का नेतृत्व किया।




विस्तारित बैठक में रूस की ओर से आमंत्रित 15 देशों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों ने आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए दोहरे मानकों को खारिज कर दिया। उन्होंने आतंक से लड़ने में देशों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारी तय करने व उससे निपटने के लिए प्रयासों पर जोर दिया।

**आतंकवाद को धर्म और राष्ट्रीयता के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए :** सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने जोर दिया कि आतंकवाद को किसी भी धर्म, राष्ट्रीयता, सभ्यता या जातीय समूह से नहीं जोड़ा जाना चाहिए और आतंकवादी गतिविधियों और उनके समर्थन में शामिल सभी लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार इसके जिम्मेदार लोगों को कानून के शिकंजे में लाया जाना चाहिए।

**अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर कन्वेंशन को अंतिम रूप देने का आह्वान :** नेताओं ने ब्रिक्स आतंकवाद रोधी कार्य समूह, ब्रिक्स आतंक रोधी रणनीति और ब्रिक्स आतंक रोधी कार्य योजना पर आधारित उसके पांच उपसमूहों की गतिविधियों एवं कार्रवाइयों का स्वागत किया।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र ढांचे के तहत अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक कन्वेंशन को शीघ्र अंतिम रूप देने और अपनाने का आह्वान किया।

**अंतरराष्ट्रीय सहयोग से ही लगेगी प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी पर रोक :** ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों ने अपने साझा बयान में मादक पदार्थों की तस्करी, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर इसके प्रभावों के बारे में पर चिंता जताई।

पीटीआई अध्यक्ष गौहर खान ने किया दावा

## पाकिस्तान सरकार के साथ बातचीत करने को तैयार इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अब सरकार के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष गौहर खान ने दावा किया है कि इमरान खान के साथ जो कुछ हुआ, वे उसे माफ करने के लिए तैयार हैं।

**गौहर खान ने की इमरान खान से बातचीत :** गौहर खान ने कहा कि उन्होंने पीटीआई के संस्थापक से बातचीत की आवश्यकता पर जोर दिया क्योंकि इमरान खान की राजनीति से लगातार दूरियां बढ़ रहीं थीं। गौहर ने बताया कि इमरान खान इस बात पर सहमत हो गए हैं। गौहर के अनुसार पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री भी चाहते हैं कि मौजूदा सरकार से बातचीत के रास्ते खुलें। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इमरान खान के साथ जो कुछ भी हुआ, वे उसे माफ करने के लिए तैयार हैं।



**रावलपिंडी की अदियाला जेल में कैद हैं इमरान खान :** पीटीआई के संस्थापक इमरान खान को 10 महीने पहले गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद से वे रावलपिंडी की अदियाला जेल में कैद हैं। जब गौहर खान से पूछा गया कि क्या सुप्रीम कोर्ट की सलाह के मुताबिक बातचीत होगी? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत द्वारा दिए गए विकल्प भी विचार किया जाएगा। गौहर खान ने इस बात पर भी जोर दिया कि पीटीआई ने खुद यह फैसला लिया है कि सरकार से बातचीत की जाएगी।

**पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी के साथ होगी बातचीत :** गौहर खान ने आगे यह भी कहा कि उनकी पार्टी पहले पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी के प्रमुख महमूद खान अचकजई से बात करेगी और उसके बाद सरकार से बातचीत शुरू की जाएगी। गौहर के अनुसार ह्यपश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी का अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन है और पीटीआई उन्हें विश्वास में लेगी।

## चीन के पूर्व नौसेना अधिकारी ने ताइवान को चौंकाया

### स्पीड बोट की मदद से ताइपे के करीब पहुंचा

**ताइपे।** चीन और ताइवान के बीच तनातनी की खबरें जग-जाहिर हैं। चीन लगातार ताइवान के समुद्री क्षेत्र में घुसपैठ कर रहा है और लगातार इस इलाके पर अपना दावा ठोक रहा है। इस बीच खुद को चीन की नौसेना का पूर्व अधिकारी बताने वाले एक शख्स ने ताइवान की नौसेना को हैरान कर दिया। दरअसल, यह शख्स ताइवान की राजधानी ताइपे के करीब अपनी स्पीड बोट की मदद से पहुंच गया।



**स्पीड बोट से एक नौका को मारी टक्कर :** ताइवान में घुसने की कोशिश कर रहे चीन के तथाकथित पूर्व नौसेना कैप्टेन ने अपना नाम रुआन बताया। रुआन को ताइपे से 11 किलोमीटर दूर तामसुई की खाड़ी में देखा गया है। ताइवान के कोस्ट गार्ड के अनुसार ताइपे के करीब तामसुई नदी में प्रवेश करने के बाद संदिग्ध चीनी नागरिक ने अपनी स्पीड बोट से एक नौका को टक्कर मार दी। रुआन ने दावा कि है कि वह चीन का पूर्व नौसेना कैप्टेन रहा है। रुआन ने आगे बताया कि उसने एक दिन पहले चीन के फुजोऊ से ताइवान के लिए सफर शुरू किया था। ताइवान कोस्ट गार्ड का कहना है कि नाव में किसी भी तरह का खाद्य और पेय पदार्थ नहीं मिला है।

**रुआन ने ताइवान के अधिकारियों को बताई ये बातें :** ताइवान के कोस्ट गार्ड के अनुसार रुआन ने बताया कि उसे चीन के अधिकारियों की प्रताड़ना का सामना करना पड़ा और इस वजह से उसने ताइवान की तरफ भागने का मन बनाया।

## यमन के तट पर प्रवासियों को ले जा रही नाव डूबी

### 49 लोगों की दर्दनाक मौत, करीब 140 लापता



**काहिरा।** यमन के तट पर प्रवासियों को ले जा रही एक नाव डूब गई, जिससे 49 लोगों की मौत हो गई और 140 लापता हो गए। संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

आईओएम ने एक बयान में कहा कि नाव अदन की खाड़ी में 320 किलोमीटर (200 मील) की दूरी पर सोमालिया के उत्तरी तट से करीब 260 सोमालियाई और इथियोपियाई लोगों को लेकर जा रही थी। लेकिन यह यमन के दक्षिण तट पर डूब गई।

बयान के मुताबिक, लापता लोगों के लिए तलाशी अभियान जारी है और अब तक 71 लोगों को बचाया जा चुका है। मृतकों में 31 महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। यमन पूर्वी अफ्रीका और हॉर्न ऑफ अफ्रीका के उन प्रवासियों के लिए एक प्रमुख मार्ग है, जो काम के लिए खाड़ी देशों तक पहुंचने की कोशिश करते हैं।

आईओएम ने पिछले महीने कहा था कि यमन में करीब एक दशक तक चले गृह युद्ध के बावजूद सालाना आने वाले प्रवासियों की संख्या 2021 से 2023 तक तीन गुना हो गई, जो करीब 27 हजार से बढ़कर 90 हजार से ज्यादा हो गई। एजेंसी के मुताबिक, वर्तमान में यमन में करीब 3,80,000 प्रवासी हैं।

तस्कर प्रवासियों को यमन पहुंचाने के लिए अक्सर भीड़भाड़ वाली नौकाओं पर लाल सागर या अदन की खाड़ी में ले जाते हैं। अप्रैल में यमन पहुंचने की कोशिश कर रहे जिबूती के तट पर दो जहाज डूब गए थे। जिसमं कम से कम 62 लोगों की मौत हो गई थी। आईओएम ने कहा कि इस मार्ग में कम से कम 1,860 लोग मारे गए या लापता हो गए। जिनमें से 480 लोग डूब गए।

# सांसद अतुल गर्ग ने किया क्लब हाउस का उद्घाटन










गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रोटरी क्लब गाज़ियाबाद विकास के सदस्यों द्वारा त्रुवाए फ्रेगरेंस सिद्धार्थ विहार गाज़ियाबाद में आयोजित सुंदरकांड पाठ में प्रतिभाग किया। 11 जून को रोटेरियन अनिल गर्ग के द्वारा त्रुवाए फ्रेगरेंस सिद्धार्थ विहार गाज़ियाबाद में नवनिर्मित क्लब हाउस के उद्घाटन अवसर पर सुंदरकांड और प्रसाद की व्यवस्था की थी । क्लब हाउस का उद्घाटन सांसद अतुल गर्ग के करकमलों से हुआ। क्लब पर्यावरण फ्रेंडली बनाया गया है । कार्यक्रम में समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने भाग लिया । अनिल साँवरिया, राकेश मित्तल, गौरव गर्ग, राजकुमार अग्रवाल सीए, अरुण अग्रवाल , रोटेरियन विजय जिन्दल, विनय जैन , संदीप मित्तल , विजय गर्ग, अनुराग अग्रवाल, अम्बरीष जिन्दल, उंमग, यश , विनय गर्ग , रोटरी क्लब से संजय अग्रवाल, विनीत माहेश्वरी, विजय अग्रवाल, मोतीलाल अग्रवाल, विकास सिंघल, नलिन गोयल,योगेश गर्ग, पवन गुप्ता, नीरज गुप्ता, अंजू अग्रवाल, चम्पा जिन्दल, शिखा माहेश्वरी, रेखा गर्ग, रेनू अग्रवाल ने प्रतिभाग कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया । अनिल गर्ग व कमलेश गर्ग द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत एंव अभार व्यक्त किया गया ।

# घुकना मोड़ से अम्बेडकर चौक तक नाले का महापौर ने किया लोकार्पण

## नाला निर्माण से जलभराव की समस्या होगी खत्म : महापौर

### नाले में बहता है गोबर, महापौर ने दिए सख्त कार्यवाही के निर्देश



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद सुभाष चौधरी के वार्ड 32 में घुकना मोड़ से अम्बेडकर चौक तक नाला निर्माण पूरा होने के उपरांत महापौर सुनीता दयाल ने बुधवार को 22 लाख की लागत से निर्मित नाले का लोकार्पण किया जिसमें पार्षद सुभाष चौधरी, पूर्व पार्षद राकेश त्यागी,राजेन्द्र कुमार,अवर अभियंता नागेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

पूर्व में नाले की स्थिति बहुत खराब थी कोई भी हादसा होने की स्थिति थी जिसको लेकर स्थानीय पार्षद द्वारा महापौर से सम्पर्क कर नाला निर्माण कार्य के लिए आग्रह किया और मौके की स्थिति से भी अवगत कराया जिसमे महापौर सुनीता दयाल ने तत्काल फाइल बनवाकर कार्यवाही सुनिश्चित के निर्देश दिए और अब मानसून से पहले नाला निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है जिसका आज लोकार्पण किया गया है। उपरोक्त रास्ते से लाखों लोगों का निकलना है और बरसात में कोई न कोई हादसा भी हो सकता था जन मानस की सुरक्षा को देखते हुए यह कार्य तेजी से कराया गया है।

स्थानीय लोगो द्वारा बताया गया कि नाले में गोबर की स्थिति बहुत खराब है हर समय गोबर भरा रहता है नाला सफाई होता है लेकिन डेरियों का गोबर आता है तो फिर गोबर आ जाता है।

### नगर निगम की प्राथमिकता शहर में जलभराव न हो

(करंट क्राइम)। इस दौरान महापौर द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम की प्राथमिकता है कि शहर में जलभराव न हो जिसके लिए विभिन्न नालों का निर्माण कार्य किया गया है जिसमें से यह एक है, यहाँ के नाले निर्माण की शिकायत प्राप्त हुई थी और मौके पर स्थिति ठीक नही थी जिको तत्काल कार्यवाही करते हुए बरसात से पहले पूर्ण कराया है, अन्य स्थानों( जहाँ पर नाले टूटे है या कोई हादसा होने की आसांका है) पर भी जल्द कार्य शुरू किया जाएगा ताकि शहर की जनता सुरक्षित रहे और डेरियों द्वारा नाले में बहाए जा रहे गोबर के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए।

# क्रॉसिंग में अंसल पर होगी कार्रवाई : महापौर



### नगर निगम की सीवर लाइन एवं नाले में डाल रहे अवैध रूप से पानी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर में बहुत स्थानों पर हाई राईज बिल्डिंग बिल्डरों द्वारा बनाई गई हैं जिसके सीवर एवं कूड़ा निस्तारण की जिम्मेदारी भी उन्हीं बिल्डरों की है लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला क्रोसिंग रिपब्लिक में अंसल बिल्डर का संज्ञान में आया है जिसके द्वारा अवैध रूप से नगर निगम की सीवर लाइन में अपने आवास का सीवर जोड़ रखा है और नगर निगम के नाले में भी पानी डाला जा रहा है जिसको लेकर महापौर सुनीता दयाल ने क्षेत्र के सहायक अभियंता आश कुमार को कार्यालय में बुलाकर मोके का निरीक्षण करने के साथ साथ बिल्डरों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए है। इसी प्रकार एस टी पी डूंडाहेड़ा के सामने भी अनिल नामक व्यक्ति ने नगर निगम की मुख्य सीवर लाइन अवैध रूप से कनेक्शन किया हुआ है सूचना मिलने के बाद महापौर ने उपरोक्त पर भी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं और शहर में अन्य स्थानों पर भी जहां इस प्रकार की गतिविधियां हो रही हैं उनपर भी निरीक्षण करके कार्यवाही करनी सुनिश्चित करें। महापौर ने अधिकारियों को कहा है कि शहर में आते जाते समय सड़क पर अपने अपने विभाग से संबंधित कोई भी गतिविधि होती दिखे तो स्वम कार्यवाही अमल में लाए न कि किसी की शिकायत का इंतजार करें।

# 5 एचपी बोरवेलों की स्थापना पर कार्रवाई करने का निर्देश

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश भूजल विभाग के निदेशक, राजेश कुमार प्रजापति ने पर्यावरण कार्यकर्ता प्रसून पंत और प्रदीप दहलिया की शिकायत पर डीएम गाजियाबाद को गाजियाबाद नगर निगम द्वारा स्थापित 5 एचपी बोरवेलों की स्थापना पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, जिनके पास ऑपरेटर नहीं हैं, और इसके अलावा उन पर कोई डिजिटल जल प्रवाह मीटर स्थापित नहीं किया गया है। पत्र में डीएम से भूजल की ऐसी बबार्दी के खिलाफ यूपी भूजल (प्रबंधन और विनियमन) अधिनियम 2019 के प्रावधानों के अनुसार की गई कार्रवाई के संबंध में 10 दिनों में अपना जवाब दाखिल करने को कहा गया है।

**कीमती भूजल और सार्वजनिक संसाधनों की बर्बादी** शिकायतकर्ताओं के अनुसार गाजियाबाद नगरपालिका क्षेत्र में 5 एचपी बोरवेल की स्थापना ओए संख्या 587/2019 में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेश और सीजीडब्ल्यूए दिनांक 08.10.2020 के बाद के नोटिस का उल्लंघन है जो जनता और यहां तक कि सरकार द्वारा भूजल के किसी भी बर्बादी पर रोक लगाता है। नगर निगम में आरटीआई दायर करने वाले प्रसून पंत के अनुसार 2016-2024 तक नगर निगम के 100 वार्डों में बिना किसी डिजिटल मीटर और ऑपरेटर के 213, 5 एचपी बोरवेल लगाए गए थे। उन्होंने कहा कि आरटीआई जवाब से पता चला कि इन पंपों पर कोई ऑपरेटर और कोई डिजिटल मीटर नहीं लगाया गया था, जिससे कीमती भूजल और सार्वजनिक संसाधनों की बर्बादी हुई।

उन्होंने यह भी कहा कि 5 एचपी बोरवेल किसी भी उद्देश्य की पूर्ति नहीं करते क्योंकि इनमें किसी विशेष क्षेत्र के ओवरहेड पानी के टैंकों को भरने की क्षमता नहीं है, इसलिए ये या तो महज शोपीस हैं या निगरानी न होने के कारण भूजल चोरी करने के लिए उपयोग किए जा रहे हैं। वैधानिक निकायों और जिला प्रशासन को अपने लिखित शिकायत पते में शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि ऐसे सभी बोरवेलों को जल्द से जल्द सील किया जाना चाहिए।

# नगर आयुक्त ने प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध चल रही कार्रवाई की पेश की रिपोर्ट

## वर्चुअल बैठक में नगर विकास विभाग मंत्री से हुई कार्य योजना पर चर्चा

### नगर निगम मानसून से पहले पुख्ता करेगा इंतजाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वर्चुअल बैठक के माध्यम से मंत्री एके शर्मा नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा सभी नगर निकायों के नगर आयुक्त अधिकारियों से वार्ता करते हुए मानसून से पहले चल रही तैयारी को लेकर चर्चा की जिसमें गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा भी चल रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया, गाजियाबाद के सभी रेनवाटर हार्वेस्टिंग को व्यवस्थित करने का कार्य, नालों की सफाई का कार्य, अवैध डेरी पर अंकुश लगाने का कार्य, तथा जल भराव हॉटस्पॉट को चयनित करने का कार्य के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, वर्चुअल बैठक के उपरांत नगर आयुक्त द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों को मानसून से पूर्व बेहतर तैयारी करने के लिए भी निर्देश दिए।



### सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर चर्चा

(करंट क्राइम)। मंत्री जी नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान को तेज करने, कन्हा उपवन गौशाला की व्यवस्थाओं को बेहतर करने, ग्रीष्मकालीन ऋतु में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने, व अन्य विशेष बिंदुओं पर चर्चा की गई, नगर आयुक्त द्वारा गाजियाबाद की अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया जिस पर प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों को सरहाया गया।

**बढ़ते पॉल्यूशन को कम करने का प्रयास :** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा मैकेनाइज्ड सफाई व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा बढ़ते पॉल्यूशन को कम करने का प्रयास भी मैकेनाइज्ड तरीके से गाजियाबाद नगर निगम कर रहा है उपकरणों की संख्या को बढ़ाते हुए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया गया है तथा चल रहे कार्यों को भी मजबूती से धरातल पर लाने के लिए मॉनिटरिंग को भी प्रबल किया गया है, आई ट्रिपल सी सेंटर के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग चल रही है जिसकी क्रम में कार्य योजना के अंतर्गत ही गाजियाबाद नगर निगम जनहित में बेहतर कार्य कर रहा है, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह का मालिक द्वारा किए जा रहे कार्यों की रिपोर्ट माननीय मंत्री नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश के समक्ष वर्चुअल बैठक के माध्यम से प्रस्तुत की गई, बैठक में अन्य नगर निकायों के नगर आयुक्त तथा वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप देखो तो सही उठाकर भगवा पहलवान की लोकसभा चुनाव के बाद फेसबुक पर अपलोड हुई पोस्ट ? आपको हिंदुत्व के फायर ब्रांड नेता के रूप में अवतार लेते हुआ दिखाई देगा कमांडर का दोस्त ? चुनाव के बाद विशेष बिरादरी को लेकर कुछ अलग ही दिखाई दी है पहलवान के शब्दों में आग ? लगता है पहलवान को एहसास हो गया है, फूल नहीं फायर बनने से ही पूरा होगा चुनाव लड़ने का ख़्वाब ? देखना अब ये है कि कितने दिनों तक पहलवान दिखाते है इस तरह की क्रांति ? फि लहाल तो चुनावी नतीजों के बाद वो बिलकुल भी नहीं ले रहे है शांति 😬 ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि कांग्रेस नेता सुशांत गोयल के अगर आप टटोलो के अरमान? अरमानों को टटोलते ही उनके चेहरे पर आ जायेगी मुस्कान? अरमानों में आप टटोलना शहर विधानसभा के उपचुनाव वाली बात? देखना पहले तो वो आपका माइंड इधर से उधर डॉयवर्ट करें? फिर धीरे धीरे हौले हौले से रख देंगे वो अपने जज्बात? हमें पता चला है उन्होंने गठबंधन से हार जीत का लगा लिया है पूरा जोर? इस बार तो गर्ग साहब भी सामने नहीं हैं? उनको उम्मीद है वो देंगे इस बार चुनाव का रूख मोड😳?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि समाजवादी पार्टी के शहर विधानसभा से प्रत्याशी रह चुके विशाल वर्मा का अभी से मजबूत बताया जा रहा है उपचुनाव में दांव? सुना है पार्टी आला कमान की नजरों में काफी ज्यादा है उनकी नेतागिरी का भाव? कहने वाले ने कहा बनाने वालों ने बनाया था पार्टी आला कमान के सामने उनके कमजोरी से चुनाव लड़ने का माहौल? कमजोरी दिखाने के बावजूद वो ले आये 50हजार + वोट? इस वोट ने दूर कर दी सारी खोट? कहने वाले ने कहा अगर हुई दलित फैक्टर पर टिकट देने की चर्चा? तो मामला वर्मा जी का ही बनेगा, इस बात को कर लो आप नोट😬?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बहुत दिनों से देख रहे हैं पुलिस के एक बड़े अधिकारी के खिलाफ क्रान्किारी तेवर वाले एक जनप्रतिनिधि लड़ रहे है लड़ाई? मामला खुद की और अपने साथी जनप्रतिनिधि की सुरक्षा को लेकर जुड़ा है? मगर हम देख रहे हैं यहां पर क्रान्तिकारी वाले तो हैं पूरी फायर में मगर दूसरे जनप्रतिनिधि के शब्द नहीं दे रहे हैं सुनाई? हमें दोनों की दिख रही है आग और पानी वाली कहानी? कभी कभी जो नहीं कर पाती है आग? उससे ज्यादा असर दिखा देता है चढ़ता हुआ पानी 😨 ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम सुन रहे थे पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान मुरादनगर के कैड़े वाले त्यागी जी के शब्द? वो अपने शब्दों से लगातार दे रहे थे यही संदेश? कह रहे थे नैक टू नैक रहेंगे यहां पर गर्ग साहब और डॉली दीदी के फेस? हार जीत का नहीं होगा यहां पर कोई बड़ा अंतर? कहने वाले ने कहा यहां पर अब फेल हो गई है कैड़े वाले त्यागी जी की बात? 70 हजार वोटों से हुई है गर्ग साहब की जीत? क्या अभी भी त्यागी जी करेंगे अपने शब्दों को रिपीट🤪?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता है भगवा शुक्ला जी भी कर रहे हैं शहर विधानसभा सीट से लाइन पार वाले कोटे पर विधानसभा की तैयारी? मगर जो उन्होंने लाइन गर्ग साहब के सामने खींची थी? उस लाइन को फाइन करने का उनके पास कोई जतन? पहले तो गर्ग साहब केवल विधायक थे, अब उनका गाजियाबाद की राजनीति में मामला हो गया है जोरदार? हम तो उस वक्त की सोच रहे हैं जब बैठेगी कोर कमेटी और गर्ग साहब के सामने होगा शुक्ला जी के नाम पर विचार? आप सोचो क्या रहेगा उस वक्त गर्ग साहब का रिएक्ट? काफी असर डालेंगे शुक्ला जी की दावेदारी पर उनके पूर्व में चुनाव लड़ने वाले ऑफ्टर इफैक्ट😶?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गागर में सागर भरने वाले मिस्टर नागर कोई भी बात ऐसे नहीं कहते है हार ? जब भी वो अपने मुख से कोई शब्द बाहर निकालते है तो उसके पीछे की रणनीति होती है काफी धारदार ? सुना विधानसभा के दावेदारी वाली दौड़ से मिस्टर नागर ने सोच समझकर दूर किया हुआ है अपना नाम ? नाम दूर रखने के लिए वो कर रहे है प्लान टू पर काम ? इस प्लान के तहत वो देना चाहते है बड़ा वाला सरप्राइज ? इस लिए खेल रहे हैं वो सोच समझकर आइस पाईस ? गजब है मिस्टर नागर की किरदारी ? खास बात ये है कि उनके प्लान वन से ज्यादा प्लान टू की है सभी को जानकारी😵?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि योजक महोदय को लोकसभा में मिल तो जाती बहुत ज्यादा पॉवर ? चुनाव में मजबूत दिखाई देता उनके फैंसलों का टावर ? मगर उनके एक हवन ने जनरली बिगाड़ दिया था सारा खेल ? यही वजह है जब हुआ सत्ता परिवर्तन तो नये सम्राट से नहीं बैठ पाया उनका मेल ? अगर उस वक़्त उन्होंने नहीं दिया होता जनरली साहब को बहुत ज्यादा भाव ? उनका बिल भी आसानी से पास हो गया होता ? चुनावों में भी मजबूत नजर आ रहा होता उनका दांव ? हवन वाली एक घटना ने बेमतलब में दे दिया इतना बड़ा घाव😔 ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि देखते ही बन रहा है भगवा गागर में सागर भरने वाले मिस्टर नागर का पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी के प्रति प्यार ? शहर विधानसभा उपचुनाव में दावेदारी को लेकर वो किसी की बात सुनने को नहीं है तैयार ? सुना है उन्होंने अपने जिगर के छल्ले चोपड़ा से भी कर दिया है स्पष्ट ? कह दिया है, मैं चाहता हूँ इस सीट पर हो प्रशांत चौधरी जी को ही टिकट ? अगर तुम्हारे मन में चल रहा है किसी और को लेकर विचार ? तो कुछ दिनों के लिए बंद है तुम्हारे लिए मेरे दिल के दरबार😏 ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्रांतिकारी धरा से लगता है क्रांतिकारी मावी जी ने कर ली है पलायन की तैयारी ? सुना है उन्होंने कर दी है शहर विधानभवन अपनी धर्मपत्नी को चुनाव लड़ाने की तैयारी ? अगर यूँ ही बदलेंगे वो अपने पुराना क्षेत्र ? तो क्रांतिकारी एरिया से सारा मजा खत्म हो जाएगा यार ? माना उनके पास है शहर सीट को लेकर बिरादरी के वोटों का बहुत बड़ा दाव ? अगर उन्होंने छोड़ दिया क्रांतिकारी क्षेत्र तो फिर वहाँ के ताकतवर चेहरे को कौन देगा शब्दों के घाव ? वैसे भी लक्ष्मी दीदी के पास रही है पंचायत के प्रमुख वाली ज़िम्मेदारी ? ऐसे में महिला कोटे पर मजबूत बनती है मावी जी के बेटर हाफ की दावेदारी😎 ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने लोनी के मतदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉली शर्मा ने अपने सभी मतदाताओं को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करने के लिए अपने पूरे लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभाओं में एक मुहिम छेड़ रखी है। इसके लिए उन्होंने 'जनादेश 2024 : धन्यवाद एवं आभार कार्यक्रम' के नाम से एक बैठक श्रृंखला की शुरुआत की है, जो गत 11 जून से शुरू होकर आगामी 15 जून तक चलेगी।




हालांकि, कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने इसे आगे भी जारी रखने की बात कही है, ताकि वह हर मतदाता समूह तक पहुंच सकें। इसी कड़ी में बुधवार को उन्होंने इकराम नगर, लोनी में नगर अध्यक्ष वी के मेजर के विद्यालय में एक बैठक की और मतदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका आभार प्रकट किया। इस मौके पर उन्होंने अपने समर्थकों से कहा कि मैं हमेशा आपके साथ खड़ी हूं और आपके सभी कार्यों को करवाने में सक्षम हूं। इसलिए जब भी कोई जनहित की बात हो आप अविलंब मुझसे संपर्क कर सकते हैं। मैं आप लोगों के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगी और सुख-दुःख में आपके साथ खड़ी मिलूंगी।



इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी और नगर अध्यक्ष बी के मेजर ने भी लोगों को सम्बोधित किया और जनसमर्थन के लिए उनका आभार प्रकट किया। इस मौके पर प्रमेंद्र शर्मा, बीरेंद्र शर्मा, वार्ड नम्बर 52 के पार्षद राहुल अली, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष कारी जान मोहम्मद, संजीदा, सायरा, नवाब चौधरी, मो. करीमुद्दीन, जाकिर अली, मो. मुस्तकीम, आबाद चौहान, डॉ वकील अहमद आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके बाद डॉली शर्मा कार्यकर्ताओं के घर गईं और उनका आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रिश्तों का मान सम्मान तब भी होता है जब हम अपनो को खास मौके पर इसका अहसास कराते हैं। एक फौजी को कुछ ऐसा अहसास कराया किरण सिंह ने। उनके बहनोई कुंवर रिंकू सा का जन्मदिन है और इस खुशी को किरण सिंह ने फेसबुक पोस्ट बनाया। ईश्वर से अपने बहनोई के उत्तम स्वास्थ और लंबी आयु की कामना की । यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।